



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 203 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 26 अप्रैल 2025 डाक 27 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

अनंतनाग के पहलगाम आतंकी हमले के बाद ध्वस्त हुए मकान के आसपास खड़े स्थानीय लोग



**देश-विदेश**

पाकिस्तान आतंक की फैक्ट्री, ब्रिटेन में भारतीय समुदाय का विरोध प्रदर्शन, पहलगाम हमले की निंदा की



**फीचर पेज**

सरदार 2 के हिंदी प्रोलॉग से मचा धमाल, इंटरनेशनल मिशन पर लौटा कार्थी का दमदार अवतार




# पाकिस्तानियों की एक और बेशर्मी भरी करतूत, भारतीय प्रदर्शनकारियों को किया गला काटने का इशारा

**लंदन, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले ले रहा है और देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे भारतीय समुदाय के लोगों को देखकर पाकिस्तान बौखला गया। दरअसल, लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय छात्र और समुदाय के लोग पहलगाम हमले के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे। विरोध प्रदर्शन को देखकर पाकिस्तान बौखला गया और उच्चायोग से बाहर निकलकर पाकिस्तान के डिफेंस अताशे ने अभिनंदन की चाय पीते तस्वीर को दिखाकर गला काटने का इशारा किया। लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन कर रहे भारतीय समुदाय के लोगों ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और 26 लोगों की मौत पर आक्रोश जताया। भारतीय झंडे, बैनर और तख्तियां थामे भारतीय समुदाय के लोगों ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए और हाथों में मैं हिन्दू हूं लिखे पोस्टर पकड़े थे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह आतंकवादियों को छुपाता है और उनकी मदद करता है, जो भारत में हमला करते हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों में से एक प्रदर्शनकारी ने कहा, पाकिस्तान ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया है, इसी वजह से पहलगाम में हमारे 26 लोग मारे गए। हम इसका विरोध करने के लिए यहां इकट्ठा हुए हैं। एक और प्रदर्शनकारी ने कहा कि ब्रिटेन में रह रहा पूरा भारतीय समुदाय इस भयानक हमले से दुखी है। उन्होंने अपने प्रदर्शन को दुख और एकता का शांतिपूर्ण तरीका बताया। एक भारतीय-यहूदी प्रदर्शनकारी ने कहा कि यहूदी समुदाय भारत के साथ खड़ा है, क्योंकि भारत और इजरायल दोनों को कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से खतरा है।

## जामा मस्जिद के बाहर पोस्टर लगाने पर बवाल, देर रात सड़क पर उतरे हजारों लोग

### विधायक बालमुकुंद आचार्य पर एफआईआर दर्ज



**जयपुर, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**

जौहरी बाजार में ऐतिहासिक जामा मस्जिद के बाहर पोस्टर लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद तनाव की स्थिति बन गई। कल देर रात हुई इस घटना के बाद बड़ी चौपड़ पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और एक खास समुदाय के लोगों ने नारेबाजी की। जयपुर कमिश्नरेट पुलिस की तुरंत की गई कार्रवाई से स्थिति को तत्काल शांत कराने में मदद मिली। यह घटना कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले की देश भर में हो रही निंदा की पृष्ठभूमि में हुई। , तनाव तब शुरू हुआ जब हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कथित तौर पर जामा मस्जिद के बाहर और आसपास के इलाके, बड़ी चौपड़ के पास फुटपाथ, रामगंज बाजार और सार्वजनिक शौचालयों में पोस्टर चिपकाए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विधायक बालमुकुंदाचार्य अपने समर्थकों के साथ पाकिस्तान विरोधी पोस्टर लेकर रात करीब 8.30 बजे जामा मस्जिद के पास पहुंचे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने मस्जिद और पोस्टरों के प्रति असम्मानजनक व्यवहार किया। पोस्टर चिपकाने के बाद विधायक वहां से चले गए, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और उनकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बढ़ते तनाव को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया। डीसीपी राशि डोगरा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एहतियात के तौर पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को बुलाया गया। जामा मस्जिद कमेटी ने विधायक बालमुकुंदाचार्य के खिलाफ माणकचौक थाने में धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

## आतंकियों के छह घर किए तबाह, लश्कर के दो मददगार भी दबोचे



**श्रीनगर, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना और पुलिस दोनों संयुक्त अभियान चलाकर आतंकियों की तलाश में जुटी है। वहीं, सेना आतंकियों के घरों को भी निशाना बना रही है। सेना ने अब तक छह आतंकियों के मकानों को तबाह किया है। वहीं, हमले से जुड़ी जानकारी के लिए पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में भी लिया है। सेना और पुलिस के संयुक्त अभियान के बीच जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने दो आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों जिले के कैमोह इलाके के थोरकपोरा से अरेस्ट किए गए हैं।

## पहलगाम हमले के बाद एक्शन में आई गुजरात पुलिस, 550 बांग्लादेशी घुसपैठियों को किया गिरफ्तार

**अहमदाबाद, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**



पहलगाम आतंकी हमले के बाद कई राज्यों की पुलिस हाई अलर्ट पर है। वहीं,अब गुजरात पुलिस ने अवैध शरणार्थियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। शनिवार को गुजरात में 550 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। यह सभी लोग फर्जी दस्तावेजों के साथ भारत में अवैध रूप से रह रहे थे। बीते दिन गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद और सूरत में सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान पुलिस ने 550 से ज्यादा बांग्लादेशी घुसपैठियों को धर दबोचा है, जिनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। गुजरात में चल रहे इस सर्च ऑपरेशन में कई बड़ी एजेंसियां शामिल हैं।

गुजरात की स्पेशल ऑर्गेनाइजेशन ग्रुप , क्राइम ब्रांच, एंटी-ह्यूमिन ट्रैफिकिंग यूनिट , प्रिवेंशन ऑफ क्राइम ब्रांच और लोकल पुलिस टीमों ने मिलकर यह ऑपरेशन चलाया है। पुलिस अधिकारियों ने इस बात की भी पुष्टि की है कि पकड़ गए सभी लोग अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। उनके पास अवैध दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। बीती रात सभी एजेंसियों ने मिलकर सूरत में सर्च ऑपरेशन चलाया था, जिसमें 100 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान हुई है।

## पाकिस्तानियों के देश छोड़ने की घोषणा के बीच, चार ने मांगी भारत की नागरिकता



**वाराणसी, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**

पहलगाम में 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद पाकिस्तानियों को जबरन वापस भेजने की घोषणा के बीच वाराणसी में लांग टर्म बीजा पर रह रहे चार पाकिस्तानियों ने (प्राइवेसी के दृष्टिगत नाम नहीं दे रहे) भारत की नागरिकता मांगी है। बदले परिवेश में भारतीय नागरिकता हासिल करने के नियमों को पूरा करती फाइल की रफ्तार को लेकर संशय खड़ा हो गया है। इसलिए कि सरकार ने अभी घोषणा की है, जिसका आदेश जारी होने पर स्पष्ट होगा कि किस वीजा पर रह रहे पाकिस्तानी देश छोड़ना होगा और कौन भारत में बना रहेगा। फिलहाल, खुफिया एजेंसियां और सरकारी मशीनरी शार्ट टर्म और लांग टर्म वीजा पर रह रहे विदेशियों को किसी भी पल लौटने के लिए अलर्ट कर दिया है। सरकार की घोषणा में 27 अप्रैल तक की मोहलत दी गई है। शार्ट टर्म वीजा भारत दूसरे देश के लोगों को घूमने के लिए देता है। जिसकी अवधि 45 दिन होती है, इससे ज्यादा कोई पर्यटक रुका तो वह अपराध का भागीदार होगा। भारत में घूमने के लिए बड़ी संख्या में विदेशी भारत आते रहते हैं। वाराणसी में एक बुजुर्ग शार्ट टर्म वीजा पर आया है, जिसके पांच दिन रहने के बाद ही मुश्किल खड़ी हो गई है।

### सहारनपुर में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, कई श्रमिकों की मौत

**देवबंद।** मुजफ्फरनगर-सहारनपुर स्टेट हाईवे पर जड़ौदा जट के पास स्थित पटाखा फैक्ट्री में शनिवार सुबह करीब सात बजे भीषण विस्फोट हो गया।



हादसे में कई श्रमिकों की मौत हो गई। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के गांव में भी इसकी आवाज सुनाई दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो फैक्ट्री से आधा किलोमीटर दूर तक मांस के चीथड़े बिखरे हुए थे। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर डीएम मनीष बंसल और एसएसपी रोहित सिंह सजवाण भी मौके पर पहुंच गए।

### गया के गांधी मैदान के पास लगी भीषण आग मच गई चीख-पुकार, कई दुकानें जलकर राख

**गया 26 अप्रैल।** गया शहर स्थित गांधी मैदान के पास मोटर गैराज में आग लगने से छह दुकानें जलकर नष्ट हो गया। आग लगी की घटना देर रात दो बजे के आसपास हुई। आग लगी की घटना में दो गैराज, एक पंचर दुकान, एक बैटरी की दुकान, दो पार्ट्स दुकान एवं एक चाय दुकान जलकर नष्ट हो गया। साथ ही गैराज में खड़ा एक चार पहिया वाहन और एक बुलेट मोटरसाइकिल भी जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड के पदाधिकारी देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि आग लगी की घटना में छह दुकान जलकर नष्ट हो गई।

## 73 साल की जीनत अमान की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल से शेयर कीं फोटोज



**नई दिल्ली 26 अप्रैल।** अपने दौर की मशहूर अदाकारा जीनत अमान ने जब से सोशल मीडिया पर एंट्री की है, तब से वह रोजाना कोई न कोई पोस्ट कर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। मगर पिछले कुछ समय से वह ब्रेक पर थीं। अब आखिरकार उन्होंने वापसी की है और अपनी हेल्थ अपडेट दी है। जीनत अमान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपनी रिकवरी के अपडेट्स दिए हैं। उनकी तबीयत ठीक नहीं थी जिसके चलते वह अस्पताल में भर्ती थीं। अब उन्होंने हॉस्पिटल से तीन तस्वीरें शेयर की हैं।

एक फोटो में वह किसी और को देखकर फिंगर्स को पॉइंट आउट कर रही हैं। दूसरी फोटो में उन्होंने अपनी आंख पर हाथ रखा है। वहीं, तीसरी फोटो में वह बेड पर बैठी हुई दिख रही हैं।

## एक्सप्रेसवे पर सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को पिकअप ने मारी टक्कर, 6 की मौत, 5 घायल

**नूंह।** हरियाणा के मेवात जिले में स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत इब्राहिम बास गांव के पास यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब सफाई कार्य में लगे करीब 11 कर्मचारी एक्सप्रेसवे की साफ-सफाई कर रहे थे। सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने अचानक आकर सफाई कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही 6 कर्मचारियों की मौत हो गई और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही



स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।

उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी मदद की। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई कर्मचारी दूर तक उछलकर जा गिरे और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सड़क पर खून के निशान और क्षत-विक्षत शवों को देख लोग स्तब्ध रह गए। पुलिस, एंबुलेंस और सड़क सुरक्षा एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया।

## धनबाद में वासेपुर समेत आधा दर्जन जगहों पर एटीएस की ताबड़तोड़ छापेमारी, 4 को हिरासत में लिया, एके-47 की तलाश जारी

**धनबाद, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला और 28 लोगों की मौत की घटना के बाद शनिवार को झारखंड एटीएस ने धनबाद के वासेपुर, पांडरपाला, आजाद नगर, अमन सोसाइटी और भूली के ए ब्लॉक में छापामारी की है।इस दौरान तीन युवक और एक युवती को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा लैपटॉप, स्मार्टफोन, डायरी और कई अन्य सामान भी जब्त किया है। मामला जेहादी विचारधारा फैलाने समेत अन्य देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने से जुड़ा हुआ है। एटीएस की टीम ने सुबह छह बजे वासेपुर के शमशेर नगर से गोविंदपुर की एक महिला शबनम को हिरासत में लिया है। वहीं, आजाद नगर से आयान जावेद और पांडरपाला से यूसुफ और कौशर को हिरासत में लिया है।

इनके पास से लैपटॉप, स्मार्टफोन, डायरी भी जब्त हुई है। छापामारी को पहुंची एटीएस टीम एके-47 की तलाश भी कर रही है। इसको लेकर भूली ए ब्लॉक में रहने वाले हारून राशिद उर्फ गुड्डू के घर मे छापामारी की गई। यहां से एक पेन ड्राइव भी जब्त किया गया है। इस छापामारी में एटीएस के साथ जगुआर के जवानों के अलावा धनबाद थाना, बरवाअड्डा, केंदुआडीह, पुटकी, तेतुलमारी थाना की पुलिस साथ में थी। इसके अलावा एसडीपीओ सिंदरी और डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम भी शामिल थे।

### रिहायशी इमारत में आग, महिला की मौत

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के अंधेरी (वेस्ट) स्थित लोखंडवाला इलाके में शनिवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। आग लगने की इस दर्दनाक घटना में एक 34 वर्षीय महिला की मौत हो गई। 6 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में 6 अन्य लोग झुलसे बताए जा रहे हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मुंबई फायर विभाग के अनुसार, एक ग्राउंड-प्लस-आठ मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में आग लगी।


NKH Group Of Hospitals
हड्डी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन की सेवाएं अब NKH कटघोरा में...
नई दिल्ली जैसे बड़े शहरों से अनुभव प्राप्त



डॉ. श्रेयस घुगुसकर
(हड्डी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन)
MBBS DNB(Orthopedics)
प्रतिदिन शाम - 05:00 से 8:00 बजे तक
प्रमुख बीमारियों की जांच व ईलाज
NKH, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स बिलासपुर रोड कटघोरा
86025 99178
88712 80000

Delite Fashion
Transport Nagar
वैवाहिक एवं फैंसी साड़ियाँ
SUBHASH
Ambica
Cotton SILK
Wedding Collection



Suiting I Shirting I Sherwani
Indowestern I Coat Suit
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# अब रेखा को अपनी आवश्यकताओं के लिए किसी से पैसे मांगने की नहीं पड़ती जरूरत

## महतारी वंदन योजना की राशि आती है काम

## पीएम आवास योजना का भी मिला है लाभ



**कोरबा ।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम तिवरता की रहने वाली रेखा दास महंत कुछ माह पहले तक अपनी छोटी-छोटी जरूरतों की पूर्ति के लिए कुछ लोगों से उधार में पैसे मांगने की आवश्यकता पड़ती थी। कई बार बहुत जरूरी काम के लिए उन्हें किसी से पैसा मिल जाता, कई बार नहीं मिलता..कुछ रूपए के लिए उन्हें लंबा इंतजार भी करना पड़ता था। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने खाते में 01 हजार रूपए समय पर मिल जाते हैं तो ग्राम तिवरता में रहने वाली रेखा दास महंत को किसी के आगे रूपए के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती है। रेखा दास ने बताया कि वह किसी तरह छोटे-मोटे घरेलू काम कर लेती है। उन्होंने बताया कि हर माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण करती है। इस राशि का उपयोग घर में आवश्यक कार्यों के लिए किया है।

उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जाने के बाद हम जैसी ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाली महिलाओं के लिए यह वरदान साबित हो रही है। हर महीने खाते में 01 हजार की राशि प्राप्त हो जाती है, इससे छोटी-मोटी जरूरतें हम पूरी कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना लागू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को लाभ मिलने और जरूरत के समय किसी के आगे पैसे के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती। रेखा दास ने बताया कि पति गणेश दास खेती-किसानी का काम करते है। चूंकि इस क्षेत्र में पानी की समस्या है इसलिए धान का उत्पादन बहुत ज्यादा नहीं होता है। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी मिला है। घर में दो बच्चे हैं। पक्का आवास मिलने से उन्हें कच्चे मकान से छुटकारा मिल गया है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

# सार्वजनिक उद्यानों में अड्डेबाजी, छपरियों पर पुलिस कार्रवाई

## लोगों को इनकी हरकतों से हो रही थी परेशानी

कोरबा। आम जनता की सुविधा और शहरी सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक उद्यानों का निर्माण और रख-रखाव किया गया है। इन उद्यानों का उद्देश्य नागरिकों को सुकून भरे वातावरण में कुछ पल सुकून से बिताने का अवसर प्रदान करना है। लेकिन हाल के दिनों में इन उद्यानों की स्थिति बिगड़ती नजर आई है।

शहर के प्रमुख उद्यानों में से एक फलोद्यान स्मृति और पुष्पलता उद्यान सहित कई स्थानों पर शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा था। नशे की हालत में झूमते युवक, खुलेआम सिगरेट, गांजा और शराब का सेवन करते हुए देखे जा रहे थे। इससे न केवल पर्यावरण दूषित हो रहा था, बल्कि वहां आने वाले परिवार, महिलाएं और बच्चे असहज महसूस कर रहे थे।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पुलिस को लगातार इस तरह की गतिविधियों की शिकायत मिल रही थी। नागरिकों ने बताया कि उद्यानों में शाम के समय जाना मुश्किल हो गया है क्योंकि वहां छपरियों (असामाजिक तत्वों) का अड्डा बन चुका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज दल-बल के साथ उक्त उद्यानों में छापेमारी की।

### मौके पर कार्रवाई, दी गई चेतावनी



पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान कई युवक नशे की हालत में पकड़े गए। कुछ को मौके पर ही फटकार लगाई गई, तो कुछ को थाने लाकर चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई केवल एक शुरुआत है। यदि स्थिति नहीं सुधरी तो नियमित गश्त और निगरानी के साथ-साथ सख्त कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि यदि वे किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि को देखते हैं तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

नगर पालिक निगम और पुलिस विभाग मिलकर सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में और भी उपाय किए जा रहे हैं जैसे कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी बढ़ाना, पार्कों की बाउंड्री को मजबूत करना, और सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति।

शहरवासियों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि सार्वजनिक स्थानों को असामाजिक तत्वों से मुक्त रखकर उन्हें वास्तव में %जनता के लिए सुरक्षित और उपयोगी बनाया जाएगा।

# विश्व श्रमिक दिवस पर घंटाघर में आयोजन

## श्रम मंत्री,महापौर व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया

**कोरबा ।** राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत ,छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ,मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 23/04/2025 विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर कोरबा के होटल चंदेला में 1 मई को सायंकाल 4 बजे से होने वाले कोरबा घंटा घर डॉ अंबेडकर मूर्ति के समक्ष विश्व श्रमिक दिवस कार्यक्रम करने एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के संरक्षक ,होटल चंदेला के मालिक पदमसिंह चंदेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्त मोर्चा भारत के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल ऋषिकर भारती, छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष , प्रदेश महिला कांग्रेस एवं ब्राह्मण समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा त्रिपाठी,समाज सेविका ममता अग्रवाल ,पासवान समाज के अध्यक्ष मदन पासवान,मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद सफी उपस्थित थे।

अतिथि एवं प्रतिनिधियों में मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सलाहकार अहमद खान,साहित्यिक मोर्चा के संयोजक कवि के. बारिया,गायक मोहम्मद अनीश , छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के जिला प्रभारी कुलदीप वैश्य, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जय सिंह नेताम, प्रवक्ता अनिल गिरी, मीडिया प्रभारी रामा (रामायण सिंह), कृष्ण निर्मलकर, राजकुमार पटेल ,राय सिंह, दिलीप यादव उपस्थित थे प्रस्ताव 1-कार्यक्रम में कश्मीर में हुई आतंकी घटना के शहीदों को केंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रस्ताव 2- कोरबा के दिवंगत जांबाज पत्रकार सुरेश चंद्र रोहरा को मरणोपरांत श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा विगत 14 अप्रैल को दिए गए कोरबा रत्न सम्मान से उनके पुत्र करण रोहरा एवं भाई कमल रोहरा के हाथों में पदमसिंह चंदेल द्वारा सौंपा गया। प्रस्ताव. 3-गोपाल ऋषिकर भारती के लगातार सेवा कार्यों के लिए यूनियन द्वारा श्रीमती रेखा त्रिपाठी के माध्यम से साल भेंट करके नागरिक अभिनंदन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दिनांक 1मई 2025 को सायंकाल 4 बजे से विश्व श्रमिक दिवस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के श्रम,उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लाखनलाल देवांगन तथा कोरबा नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती संजू सिंह राजपूत के साथ अनेकों जनप्रतिनिधियों और प्रतिष्ठित अधिकारियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

तीसरे प्रस्ताव में कोरबा औद्योगिक क्षेत्र के सभी श्रमिक यूनियनों ,सामाजिक संगठनों और संगठित-असंगठित श्रमिकों को बड़ी संख्या में उपस्थित होने के हर संभव प्रयास करने का निर्णय भी लिया गया। इसके साथ ही 12 मई बुद्ध जयंती के दिन ग्राम गोढ़ी में भी आयोजित होने वाले संविधान सम्मान ग्रामोत्सव कार्यक्रम में भी मंत्री और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

## इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में टाइम मैनेजमेंट विषय पर हुआ विशेष कार्यशाला का आयोजन

**कोरबा।** समय प्रबंधन का महत्व बहुत अधिक है। प्रभावी समय प्रबंधन से तनाव और चिंता कम होती है और लक्ष्यों की प्राप्ति में मदद मिलती है,यह आपको अपनी जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करने, समय सीमा का पालन करने और अपने कार्य-जीवन को संतुलित रखने में मदद करता है। समय प्रबंधन आपको अपने समय पर नियंत्रण रखने में मदद करता है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। यह आपको अपने लक्ष्यों को प्राथमिकता देने और उन्हें प्राप्त करने के लिए एक योजना बनाने में मदद करता है। जब आप समय को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सक्षम होते आत्मविश्वास महसूस होता है।

# लोगों को राहत देने नगरपालिका ने कई चौराहे पर खोले प्याऊ

**दीपका।** नगर पालिका परिषद दीपिका क्षेत्र में लोगों को राहत देने के लिए गर्मी के मौसम में अनेक स्थानों पर प्याऊ की सुविधा शुरू की गई है यहां से हर दिन लोगों को ठंडा पानी प्राप्त होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत और चीफ म्युनिसिपल ऑफीसर राजेश गुप्ता ने जल सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कई लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया गया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि नगर मैं अनेक चौक चौराहा पर इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे कि गर्मी के मौसम में किसी भी नागरिक को पीने के पानी को लेकर परेशानी ना हो। सुबह से शाम तक यह सेवा उपलब्ध रहेगी। नगर पालिका परिषद का कहना है कि जनहित हमारे लिए सबसे आवश्यक है और गर्मी के मौसम में ऐसे कार्यों को पूण्य से जोड़कर देखा जाता है। हमारी कोशिश है कि मानवता के हित में अच्छे कार्य लगातार किया जाए।






# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया, सरकार से मांग -आतंकवादियों की कमर तोड़ने का काम हो

**कोरबा।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में गुरूवार को सुभाष चौक निहारिका के पास प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह के अगुवाई में युवा कांग्रेस कमेटी ने आतंकवाद का पुतला दहन किया और कैंडल जलाकर एवं दो मिनट का मौनधारण कर शहिदों को श्रद्धांजलि दिया गया ।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि इस आतंकी हमले से देश भर में क्रोध का माहौल है । यह हमला हमारे गणतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है । पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जितनी निंदा की जावे उतनी कम है । इस समय एकता बनाए रखना सबसे ज्यादा जरूरी है ।

पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला कायराना और पूरी तरह से सोची समझी रणनीति के तहत् किया गया हमला है । जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि जानबूझकर हिन्दुओं को निशाना बनाया गया ताकि पूरे देश में भावनाओं को भड़काया जा सके । प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं आयोजन के अगुवा विकास सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ये हमारे आन - बान एवं शान पर सीधा हमला है । आतंकियों को कठोर दण्ड मिलना चाहिए ताकि फिर कोई आतंकी इस प्रकार का प्रयास का करने की सोच भी ना सके ।युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, नेता प्रतिपक्ष कृपा राम साहू, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सपना चैहान, पार्षद मुकेश राठौर, नारायण कुर्रे, सुखसागर निर्मलकर, सुभाष राठौर, सेवा दल अध्यक्ष प्रदीप पुराणे, ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, पूर्व पार्षद मनक राम साहू, प्रदीप जायसवाल, डॉ. मनहरण राठौर, महामंत्री अशोक लोध, संजय अग्रवाल, टेकराम श्रीवास, शकील अंसारी, शशि अग्रवाल, सीमा उपाध्याय गीता महंत, गिरधारी बरेठ, एफ डी मानिकपुरी, कमलेश गर्ग, पवन विश्वकर्मा, रामकुमार राठौर, महेन्द्र थवाईत, आदि ने इस आतंकी हमले की निंदा किया और शहिदों के प्रति दो मिनट का मौन धारण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया ।उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने एक सूर में पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाया और घटना की निंदा कर सरकार से कठोर कार्यवाही का मांग की गई ।इस मौके पर पाकिस्तान के झंडे के साथ आतंकवाद रूपी पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश दिखा । उन्होंने इस पुतले पर जमकर जूते चप्पल बरसाए । वहीं एक दिन पहले दर्री, बालको एवं कुसमुण्डा जोन में कैंडल मार्च निकालकर शहिदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । दर्री में कांग्रेस जिलाध्यक्ष नत्थूलाल यादव एवं ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, बालको जोन में बालको ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा तथा कुसमुण्डा जोन में कुसमुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा एवं पार्षद गीता गभेल के नेतृत्व में इस आतंकी हमले के विरोध में प्रर्दशन किया गया ।

**सुरेश कुमार अग्रवाल महामंत्री**

# राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस पर किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोरबा।** छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 25.04.2025 को ''राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस'' के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कोरबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) द्वारा वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी, साइबर क्राईम, नेटवर्क मार्केट फ्राड, मनी लॉन्डरिंग फ्राड एवं पैसे का सही रख रखाव के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि व्यवस्थित तरीके से खर्च के साथ पैसे बचाना वित्तीय साक्षरता है। पैसा लेन देन का माध्यम है, जिससे समान, सेवाएं आदि चीजें प्राप्त की जा सकती है। घर के बिलों का भुगतान किया जा सकता है। वित्त के अंतर्गत पैसे से संबंधित सभी चीजे शामिल है - जैसे पैसे का प्रबंधन, पैसा बनाना एवं पैसे के बारे में जानकारी देना। वह सक्षमता जिससे पैसे को संभालने का कौशल विकसित हो, पैसे के बारे में जानकारी हो, पैसे को समझदारी से संभालने की जानकारी विकसित हो, वित्तीय साक्षरता कहलाता है। वित्तीय साक्षरता कमाई और खर्च के बीच संतुलन, बजट प्रबंधन, बचत, स्मार्ट निवेश सीखने, पैसे सुरक्षित रखने, कर्ज से बचने एवं खराब निवेशकों से बचने की तकनीक के लिए आवश्यक है।

कु0 डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0) द्वारा ''राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस'' के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा गया कि वित्तीय साक्षरता से पैसे की अवधारणा और अच्छी वित्तीय आदतें, वित्तीय रूप से सुरक्षित भविष्य की योजना का महत्व, आमदनी के प्रबंधन, खर्चों की समझ और निवेश आरंभ करने से संबंधित जानकारी प्राप्त होती है। साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा



द्वारा पुलिस एफ.आई.आर., नालसा स्कीम, नि:शुल्क विधिक सहायता, डिजिटल अरेस्ट, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, साइबर क्राईम, साइबर कानून के संबंध में जानकारी प्रदाय किया गया।

बैंकिंग सेक्टर से एसबीआई आरसेटी कोरबा से ट्रेनर श्रीमती सलंजना विश्वाल के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जिसका सलाना प्रीमियम 20/- है व इसका लाभ व बचत योजना के तहत् अटल पेंशन योजना, केसलेस ट्रांजेक्शन के गोपनीय सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम में शासकीय आई.टी.आई. के प्रशिक्षक श्री संतोष साहू, श्री गजपति बंछोर, श्री सुशील साहू, शासकीय औद्योगिक संस्था के 100 छात्राएं एवं 200 छात्र तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र श्री उपेन्द्र राठौर, श्री अहमद खान, श्री गोपाल चंद्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन विधिक जागरूकता से संबंधित विभिन्न योजनाओं के पाम्पलेट वितरण के साथ किया गया।

# श्रम विभाग से शिविर लगाने की मांग के साथ ज्ञापन सौंपा

## अखबार वितरक संघ हुआ सक्रिय

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू जिला सचिव जय कुमार नेताम कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर ने श्रम विभाग का कार्यालय जाकर श्रम अधिकारी से दो दिवसीय कैंप लगाने की मांग कि जिसमें लेबर इंस्पेक्टर सरस्वती बंजारे ने बताया कि आवेदन के लिए उम्र कम से कम 18 से ऊपर होना चाहिए और डॉक्यूमेंस 1 आधार कार्ड 2 बैंक पासबुक 3 आय प्रमाण पत्र 4 मोबाइल नंबर चाहिए जितना भी अखबार वितरक का कार्य करते हैं उनका हितग्राही कार्ड टीपी नगर में कैंप लगाकर बनाया जाएगा और जो भी शासन की योजना के अंतर्गत लाभ मिलेगा और जितने भी अखबार वितरक कार्य करने वाले हितग्राही कार्ड बनवाना ही चाहिए ताकि उसे लाभ मिल सके।



# पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एस.ई.सी.एल. मानिकपुर कोरबा प्रबंधन की वायदा खिलाफी पर नाराजगी जाहिर करते हुए सी.एम.डी हरीश दुहन को लिखा पत्र

**कोरबा ।** प्रदेश के पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा चांपा मार्ग पर अवस्थित भिलाई खुर्द ग्राम को गोद लेकर आदर्श ग्राम के तौर पर समग्र रूप से विकसित करने के अपने वायदे से मुकरने और वहां के निवासियों को बेबस व लाचार जिन्दगी जीने हेतु मजबूर करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए एस.ई.सी.एल. के सी.एम.डी. हरीश दुहन को सम्बोधित व कलेक्टर, कोरबा एवं महाप्रबंधक मानिकपुर कोरबा को प्रतिलिपि के साथ मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखते हुए शीघ्र ही यथोचित कार्यवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए जाने बाबत पत्र लिखा है।

एस.ई.सी.एल. सी.एम.डी. को लिखे पत्र में कहा गया है कि कोरबा-चांपा प्रमुख मार्ग पर बसे हुए ग्राम भिलाई खुर्द के पास से होकर गुजर रहे कचंदी नाला के पानी का उपयोग करते हुए ग्रामवासी न केवल अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करते थे वरन् उसके माध्यम से सब्जी आदि की खेती के माध्यम से अपने परिवारों का पोषण भी करते थे जो उनकी जीविका का प्रमुख साधन था। वर्ष 2012-13 में एस.ई.सी.एल. मानिकपुर कोरबा प्रबंधन द्वारा मानिकपुर खदान विस्तार की योजना बनाई गई जिसमें कचंदी नाला का प्रवाह मार्ग सबसे बड़ी बाधा साबित हो रही थी और समाधान के लिए उसके मार्ग को परिवर्तित किए जाने का निर्णय लिया गया था। पत्र में आगे कहा गया है कि तत्कालीन एस.ई.सी.एल. महाप्रबंधक मानिकपुर कोरबा द्वारा उस समय कोरबा विधायक रहे जयसिंह अग्रवाल से खदान क्षेत्र के दायरे में किसी एक गांव को गोद लेकर आदर्श ग्राम में विकसित किए जाने की इच्छा जाहिर करते हुए सुझाव मांगा गया था जिस पर उन्हें जयसिंह अग्रवाल द्वारा ग्राम भिलाई खुर्द का नाम सुझाया गया था।

इए संबंध में मानिकपुर कोरबा प्रबंधन ने तत्कालीन कोरबा विधायक जयसिह अग्रवाल व उस समय कार्मिक प्रबंधक रहे अनिल कुमार की उपस्थिति में भिलाई खुर्द के निवासियों की एक बैठक आयोजित करते हुए प्रबंधन द्वारा घोषणा की गई कि भिलाई खुर्द गांव को गोद लिया जा रहा है और उसे एक आदर्श ग्राम का दर्जा प्रदान करते हुए उसका समग्र विकास एस.ई.सी.एल. प्रबंधन द्वारा किया जाएगा जिसके तहत सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं व विद्यालय के साथ ही मनोरंजन आदि के लिए पार्क विकसित किए जाएंगे। उस समय प्रबंधन द्वारा ग्रामवासियों को भरोसा दिलाया गया था कि मानिकपुर खदान का विस्तार करने के लिए कचंदी नाला का प्रवाह मार्ग परिवर्तित किया जाएगा लेकिन इस परिवर्तन से ग्रामवासियों की सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और यह की सम्पूर्ण व्यवस्था मानिकपुर कोरबा प्रबंधन द्वारा की जाएगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि कचंदी नाला का प्रवाह मार्ग प्रशासन के सहयोग से बलपूर्वक परिवर्तित करने में सफलता मिल जाने पर मानिकपुर कोरबा प्रबंधन अपने वायदे से मुकर गया है और भिलाई खुर्द के निवासियों को बेबस व लाचार जिन्दगी जीने मजबूर कर दिया गया है।

पत्र में यह भी कहा गया है कि प्रबंधन द्वारा गांव में एक विशाल तालाब का निर्माण कराने व खदान से निकलने वाले पानी के जरिए जलापूर्ति सुनिश्चित किए जाने की बात कही गयी थी, एक छोटा तालाब बनवाया भी गया लेकिन बरसात के पानी के अलावा आज तक उसमें को जल भराव की व्यवस्था प्रबंधन द्वारा नहीं की गई। फिलिंग के नाम पर केवल फ्लाई ऐश का उपयोग किया जा रहा है जबकि उसके सा ओव्हर बर्डेन की मिट्टी को मिक्स किया जाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है और जल छिड़काव भी नहीं किया जाता है, जिसकी वजह से ग्रामवासी फ्लाई ऐश का दंश झेलने मजबूर हैं। ग्रामवासी पानी की अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए गांव से दूर प्रवाहित हो रही हसदेव नदी पर आश्रित हैं।

## जन्म प्रमाण पत्र के सेचुरेशन हेतु निर्देश जारी

**कोरबा।** राज्य में आय, जाति, मूल निवास, जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र के सेचुरेशन हेतु जिला स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) श्री अजीत वसंत द्वारा जिले में जन्म प्रमाण पत्र के सेचुरेशन हेतु समस्त नगरीय एवं ग्रामीण जन्म-मृत्यु पंजीयन इकाई के रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र एवं मितानिन के माध्यम से जन्म की प्रत्येक गैर संस्थागत घटना की साप्ताहिक जानकारी लेकर प्रकरण 21 दिवस के भीतर अनिवार्यत: जन्म पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

# चांपा रेलवे स्टेशन के सामने जन सुविधाओं का अभाव

## यात्री सुविधाओं को लेकर नहीं है किसी का ध्यान

( सीताराम नायक )

**जांजगीर चांपा।** रेलवे स्टेशन चांपा के सामने आज भी अनेक असुविधाएं विद्यमान है जिसके कारण यात्रियों को भारी और असुविधा हो रही है। यहां स्टेशन के सामने ना तो ठीक से साफ सफाई हो रही है और न ही यात्रियों के लिए सुलभ शौचालय की कोई व्यवस्था है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी रही है।

विदित हो कि चांपा रेलवे स्टेशन को भव्य एवं सुंदर बनाने का कार्य रेलवे प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है किंतु रेलवे स्टेशन के सामने की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। चांपा रेलवे स्टेशन के सामने स्थित ओवर ब्रिज से लेकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक रात्रि को अंधेरे का साम्राज्य रहता है यहां न तो विद्युत खंभा लगाए गए हैं और नहीं कोई प्रकाश की व्यवस्था की गई है। रात को आवागमन के समय यात्रियों के साथ इस अंधेरे में लूट होने का डर बना रहता है। जहां शीघ्र प्रकाश की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है इतना ही नहीं बल्कि इस रेलवे स्टेशन के पास सुलभ शौचालय का निर्माण नहीं किया गया है यहां दिन भर में हजारों की संख्या में लोग आवागमन करते हैं विशेष कर महिलाओं के लिए सुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें इधर-उधर खुले में जाना






पड़ता है। इस महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन के सामने सुलभ शौचालय का बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है जिसकी कमी के चलते यात्रियों को भारी मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है। जांजगीर-चांपा जिले का प्रमुख रेलवे स्टेशन होने के बावजूद चांपा रेलवे स्टेशन के पास ऑटो स्टैंड नही है। ऑटो स्टैंड के अभाव में ऑटो चालक द्वारा वाहनों को सड़क किनारे लगा देते हैं उनके इस कृत्य से जहां सड़क में कई बार चक्का जाम की स्थिति आ जाती है तो वही दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। इस महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन के सामने ऑटो स्टैंड निर्माण किया जाना आवश्यक है ताकि यात्री अपनी सुविधा अनुसार आवागमन कर सके। कई बार देखा जाता है कि आरपीएफ वाले एवं टीटीई द्वारा ऑटो एवं गाड़ी वालों का फाइन काट दिया काटा जाता है। जब कभी किसी व्यक्ति द्वारा अपनी गाड़ी से यात्रियों को छोड़ने स्टेशन तक आते हैं तो उनके वाहनों का चालान काट दिया जाता है। विशेष कर ऑटो चालकों द्वारा यात्रियों एवं उनके समानों को उतरते समय उक्त लोगों द्वारा चालान काट दिया जाता है। जबकि यात्रियों को उतारने तक का समय उन्हें दिया जाना चाहिए।

आरपीएफ एवं टीटीई के लोगों का भारी आतंक है। आटो चालक एवं यात्रियों को छोड़ने आए वाहन मालिक इनसे भारी परेशान है। विगत कई महीनो से देखा जा रहा है कि चांपा रेलवे स्टेशन के सामने साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प है। स्टेशन के सामने जगह-जगह गंदगियों का आलम दिखाई दे रहे हैं जिसके कारण इस परिसर में पूरी तरह से दूषित वातावरण निर्मित होने लगा है गंदगी के कारण पूरे क्षेत्र में बदबू आने लगी हैं जिसके कारण लोग यहां जरा भी समय नहीं रख पाते।

जिले का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन एवं जंक्शन होने के कारण यहां साफ सफाई,बिजली, पानी आदि सुविधाओं को रेलवे प्रबंधन को ध्यान देने की जरूरत है जिसके बिना यात्रियों का रुख अन्य स्टेशनों की ओर होता है जहां यात्रियों के यहां नहीं आने से राजस्व का नुकसान तो होगा ही साथ ही साथ इस स्टेशन से जुड़े हुए लोगों का व्यवसाय भी चौपट हो सकता है इसलिए रेलवे प्रबंधन को चाहिए कि यात्री सुविधाओं को ध्यान देवे। इसकी पूर्ति हेतु आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।



## पानी की तलाश में भटकते हिरण की हुई मौत

**जांजगीर-चांपा।** ताजा मामला वन मंडल चांपा के वन परिक्षेत्र का सुनने में आ रहा है जहां विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण एक हिरण की मौत हो गई ।

गर्मी के समय पर वन्य प्राणी पानी की तलाश में इधर उधर भटकते रहते है वैसे ही बुधवार की रात में भटकते भटकते एक हिरण बाराद्वार के ग्राम ठठारी पहुंच गया था जिसी बाद ग्राम में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ था इसी बीच ग्रामवासियों ने मिलकर उस भटकते आए हिरण को पकड़ लिया और खंभे से बांध दिया और जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को फोन के माध्यम से इसकी सूचना दी परंतु सूचना पाकर गुरुवार की सुबह 9 बजे तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी यही वजह है कि उस हिरण की जान चले गई । 12 घंटे तक स्थल पर नहीं पहुंचना वन विभाग की घोर लापरवाही की ओर इशारा करता है। अगर सही समय पर पहुंच जाती वन विभाग की टीम तो बच सकती की उस हिरण की जान। होता यह है कि अगर कोई वन्य प्राणी इसे हालत में मिलता है तो वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कर उस वन्य प्राणी को कानन पेंडारी में छोड़ दिया जाता है जिसके बाद वह के जिम्मेदार लोग उस वन्य प्राणी की देख रख करते है।

# शराब में जहर मिलाने वाले को आजीवन कारावास की सजा

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शराब में जहर मिलाकर पिलाने वाले आरोपी विजय सूर्यवंशी को अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव रोगदा की है। घटना 30 अगस्त 2023 की है।

शादी की सालगिरह थी साथ निभाने की कसमें दोहराई, बेटी के सामने आतंकियों ने कर दी रायपुर के कारोबारी की हत्या ग्राम रोगदा निवासी आरोपी विजय सूर्यवंशी अपने मुंह बोले साले रोहित कमलाकर के घर गया और उनकी बेटी निर्जला से कहा कि ये एक पाव शराब रोहित को दे देना। शाम को रोहित घर आया तो ज्यादा नशे में होने से बेटी ने उसे यह शराब नहीं दी। दूसरे दिन ललिता व किरण अपनी ससुराल शिवशंतन सूर्यवंशी, पड़ोसन ललिता बाई के साथ भोजली विसर्जन के बाद घर में बैठे थे। तभी ललिता अपने भतीजे देवेन्द्र को शराब लाने के लिए रोहित के घर भेजी। निर्जला ने विजय द्वारा दी गई शराब को उसे दे दिया। शराब पीने के बाद ललित व किरण के पेट में दर्द होने लगा और बेहोश हो गए। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जिसके साथ बैठकर पी शराब, उसी ने ले ली जान इस बात पर दोस्त ने की युवक की हत्या, आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार, हजार का अर्थदंड भी



पुलिस पूछताछ में पता चला कि विजय सूर्यवंशी अपने मुंह बोले साले राहित को जान से मारने की नीयत से 1 पाव शराब में अज्ञात जहर मिलाकर परिजनों को दिया था। लेकिन वहीं शराब पीने से किरण व ललित सूर्यवंशी की मौत हो गई। शार्ट पीएम में भी दोनों की मौत जहरीली शराब पीने से पाया गया। फैसले में ही 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 3 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक (एफटीसी) योगेश गोपाल ने पैरवी की।

## 123 क्यूसेक पानी घटाकर बायीं तट नहर में आपूर्ति बढ़ाई

**जांजगीर।** हसदेव दर्री बराज से निकली बांयीं तट नहर में लीकेज होने के कारण फिर से पानी की मात्रा कम कर दी गई है। 2 दिन पहले ही कम करने के बाद 2318 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। गुरुवार को इसे और कम कर 2195 क्यूसेक कर दिया है। सिंचाई के लिए एक सप्ताह और पानी छोड़ेंगे। इससे सक्ती क्षेत्र के किसानों को परेशानी हो सकती है।

सिंचाई के लिए दोनों नहरों में जनवरी से पानी दिया जा रहा है। इसकी वजह से लाइनिंग की मरम्मत ही नहीं हो पाई है। बांयीं नहर की लाइनिंग पूरी तरह जर्जर हो गई है। इसके कारण ही हर साल नहर फूटने और लीकेज होने की समस्या आ रही है। नहर में पानी छोड़ने की क्षमता करीब 4200 क्यूसेक है, लेकिन अभी उसका आधा ही छोड़ रहे हैं। सोमवार को राताखार पुल के आगे लीकेज होने से आसपास खाली जगह पर पानी भर गया था। मरम्मत करने पानी की मात्रा कम कर दी थी, लेकिन सिंचाई के लिए पानी देने से फिर से मात्रा बढ़ाई है। आगे और परेशानी ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

## आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन 09 मई तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जॉजगीर नवागढ़ 02 में नगर पालिका परिषद जॉजगीर-नैला शहरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 19 ऑगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 18-01 में ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता 01 पद के लिए 09 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि इच्छूक अभ्याथियों से आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस एवं समय पर 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

## बड़े सीपत में 3.15 केवीए का नया पावर ट्रांसफॉर्मर लगाया

**मालखरौदा।** समीपस्थ विद्युत उपकेंद्र बड़े सीपत में 3.15 केवीए का नया पावर ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। यह कार्य भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा के प्रयास से पूरा हुआ। इससे क्षेत्र के किसानों और बिजली उपभोक्ताओं को बार-बार लो वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से राहत मिलेगी।



इस उपकेंद्र से जुड़े किसानों और उपभोक्ताओं ने बिजली की समस्या को लेकर हसौद स्थित सिन्हा के निवास पर जाकर शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के अधिकारियों को पत्र भेजा। इसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

तुरंत एस्टीमेट तैयार किया गया। ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए चबूतरे का निर्माण भी कराया। करीब 70 लाख रुपए से यह कार्य एक सप्ताह में पूरा किया गया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने दिन-रात काम कर 25 अप्रैल शुक्रवार को ट्रांसफार्मर को चालू कर दिया। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक कई नेता आए और गए, लेकिन किसी ने किसानों की समस्या को इतनी गंभीरता से नहीं लिया। वर्षों से बिजली की समस्या बनी हुई थी। किसान और उपभोक्ता लगातार अधिकारियों और नेताओं से शिकायत करते रहे, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब ट्रांसफार्मर लगने से खेती और घरेलू काम चौबीसों घंटे सुचारू रूप से चल सकेंगे।

# सब्जी मंडी बिर्रा रोड में स्थानांतरित किए जाने के आदेश का व्यापारियों ने किया विरोध

**जांजगीर-चांपा।** नगर पालिका क्षेत्र चांपा अंतर्गत संचालित हो रही थोक सब्जी मंडी को वर्तमान स्थान कोटाड़बरी की धान मंडी से हटाकर पुनः पुराने स्थान बिर्रा रोड में स्थानांतरित किए जाने के आदेश का व्यापारियों ने तीव्र विरोध किया है।

शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में सब्जी व्यापारी, पार्षदगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और मंडी को वर्तमान स्थान पर ही बनाए रखने की मांग की। गौरतलब है कि कोरोना काल के दौरान भीड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए मंडी को बिर्रा रोड से हटाकर कोटाड़बरी स्थित धान मंडी में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया था। यहां की बेहतर व्यवस्था, पर्याप्त स्थान और पार्किंग सुविधा के कारण व्यापारी और ग्राहक दोनों ही संतुष्ट हैं और यह व्यवस्था लगातार जारी है।

हाल ही में मुख्यमंत्री के सुशासन उत्सव के दौरान कुछ लोगों ने मंडी को पुराने स्थान पर पुनः स्थापित करने की मांग की, जिस पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए पुराने स्थान पर मंडी संचालित करने का आदेश जारी कर दिया।

व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान स्थान पर मंडी व्यवस्थित ढंग से चल रही है, यहां भीड़-भाड़ नहीं होती, यातायात प्रभावित नहीं होता और सभी को सुविधाएं प्राप्त हैं। पुराने स्थान पर न तो पर्याप्त जगह है, न ही ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू है, जिससे अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है। पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मामले पर उचित निर्णय का आश्वासन दिया है। हालांकि अभी मंडी के भविष्य को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन व्यापारियों की एकजुटता ने प्रशासन को अपने निर्णय पर पुनर्विचार के लिए मजबूर कर दिया है।

## वैदेही ने रक्तदान कर समाजसेवा का दिया संदेश



**चांपा ।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की सक्रिय सदस्य और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय भिलाई के यू टी डी में बी टेक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रा वैदेही गुप्ता ने मानवता की सेवा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। उनके इस कार्य ने न केवल ज़रूरतमंदों की सहायता की, बल्कि युवाओं के बीच सामाजिक ज़िम्मेदारी और जनसेवा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई।

वैदेही गुप्ता ने कहा, रक्तदान एक छोटा-सा प्रयास है जो किसी की ज़िंदगी बचा सकता है। हर सक्षम व्यक्ति को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। यह न केवल किसी अन्य की मदद करता है, बल्कि स्वयं को भी स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाता है।

उनके इस कार्य की सराहना कॉलेज प्रशासन, एनएसएस प्रभारी और साथी विद्यार्थियों ने की। एनएसएस इकाई के समन्वयक ने कहा, वैदेही गुप्ता जैसे वालेंटियर हमारे समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने एक उदाहरण पेश किया है कि किस प्रकार युवा अपनी भूमिका निभाकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

यह स्वैच्छिक रक्तदान उन्होंने अपनी माताजी रक्तदानी व्याख्याता श्रीमती रेखा गुप्ता और पिताजी छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता से प्रोत्साहित होकर किया है।

एनएसएस का मूल उद्देश्य मैं नहीं, आप% की भावना को आगे बढ़ाना है, और वैदेही गुप्ता ने इस उद्देश्य को अपने कार्य से सार्थक किया है।

# कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति न रहें मुख्यालय से बाहर : कलेक्टर

**जांजगीर-चांप।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय योजनाओं और कार्यो की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों से कहा कि मुख्यालय में ही रहकर कार्य करें एवं बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी फिल्ड में चल रहे कार्यो की जानकारी रखने एवं नियमित फिल्ड का दौरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की फ्लैगशीप योजनाओं का उत्कृष्ट



क्रियान्वयन करें जिससे शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ प्राप्त हो।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के स्थिति की समीक्षा की तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री महोबे ने जल जीवन मिशन के कार्यो की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य, सिकल सेल जांच, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा विभाग अंतर्गत चल रहे भर्ती प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता से करने कहा। कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## ट्रैफिक नियमों की अनदेखीः बिना नंबर प्लेट के बाइक, स्लोगन से कानून को चुनौती दी

**चांपा।** शहर में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी बढ़ती जा रही है। कई युवा बिना नंबर प्लेट की बाइक लेकर सड़कों पर घूम रहे हैं। इन बाइकों पर ब घ वा ढीला गए जैसे स्लोगन लिखे जा रहे हैं। हाल ही में एक बाइक पर ऐसा स्लोगन दिखा। राहगीरों और सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर नाराजगी जताई।

मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार, हर वाहन पर मान्य रजिस्ट्रेशन नंबर होना जरूरी है, लेकिन चांपा के कई इलाकों में बाइकर्स नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। वे नंबर प्लेट की जगह स्लोगन, आपत्तिजनक टिप्पणियां और अपने नाम लिखवा रहे हैं। इससे समाज में गलत संदेश जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह ट्रेंड पिछले कुछ महीनों में तेजी से बढ़ा है।युवा बाइक को स्टाइल का प्रतीक मानते हैं।

# बाल विवाह हुआ तो हर स्तर पर सहयोग करने वाले नपेंगे जिले में

**जांजगीर।** जिले में होने वाली शादी समारोह में किसी कम उम्र के युवक-युवतियों के परिजन फेरा न करा दें इस दिशा में हर साल सख्ती बरती जाती है। इसके बाद परिजन किसी न किसी मजबूरी में या जानबूझकर अपने बच्चों की शादी समय से पहले करने तैयार हो जाते हैं।

सीजन में बाल विवाह के मामले सामने आते रहते है। प्रशासन द्वारा कई बार ऐसी शादियां रुकवाई जाती है, वहीं बाल विवाह करने, करवाने अथवा प्रोत्साहन देने वाले व्यक्ति जिसमें पंडित, नाई, बाराती बैंड बाजे वाला, हलवाई, टेंट वाला और स्थान उपलब्ध कराने वाला अथवा ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसकी जानकारी के बावजूद भी बाल विवाह करवाया जा रहा है उसे अब दोषी मनाया जाएगा। बाल विवाह करने अथवा करवाने वाले को दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि एक लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है।

बाल विवाह के मामलों में नहीं आ रही कमी ग्रामीण इलाकों में बाल विवाह शहरों की तुलना में ज्यादा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की पांचवीं रिपोर्ट में कहा गया है कि जिले में बाल विवाह की वजह से यहां की 3.5 प्रतिशत किशोरियां 15-19 की उम्र में ही मां बन गई थी। इसके साथ ही सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 10.2प्रतिशत लड़कियों की शादी 18 से कम उम्र में हुई है। जांजगीर-चांपा जिले में रिपोर्ट मुताबिक बाल विवाह के मामले 5 साल में कुछ खास अंतर नही हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे साल 2015-16 की रिपोर्ट पर 3.8 प्रतिशत किशोरियां 15 की उम्र में ही मां बन गई थी।

## कोटमीसोनार में 25 लाख का गबन, सचिव कुरैशी निलंबित

**अकलतरा।** ग्राम कोटमीसोनार में 15वें वित्त आयोग की राशि में 25 लाख के गबन के मामले में पंचायत सचिव इलाही मोहम्मद कुरैशी को जिपं सीईओ ने निलंबित कर दिया है। कुरैशी वर्तमान में रसेड़ा में पदस्थ थे। ग्राम कोटमीसोनार में सचिव रहते हुए कुरैशी ने नियमों के खिलाफ राशि निकाली। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ ने जांच समिति बनाई। समिति ने गांव पहुंचकर जांच की। जांच में गबन की पुष्टि हुई। रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ को सौंपी गई। जांच के बाद भी सचिव पर कार्रवाई नहीं हुई। इस पर विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने विधानसभा के बजट सत्र में मामला उठाया। राज्य शासन का ध्यान आकर्षित किया। कार्रवाई की मांग की। इसके बाद भी सचिव को रसेड़ा में पदस्थ कर दिया गया।



## शंकर नायक का निधन

**जांजगीर चांपा।** ग्राम खपरी टांडपारा निवासी शंकर नायक की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई है वे 50 वर्ष के थे वह अपने पीछे पत्नी पुत्र, पुत्री, माता-पिता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। शंकर नायक एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बलौदा बाजार जिले में गए हुए जिनका घर वापसी दौरान शिवरीनारायण के निकट सड़क दुर्घटना हो गई थी। जिन्हें जख्मी हालत में बिलासपुर रिफर किया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

## लीनेस क्लब ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**चांपा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए लीनेस क्लब चांपा ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बरपाली चौक, डागा कॉलोनी में क्लब अध्यक्ष लीनेस कल्याणी केशरवानी के निवास के सामने हुआ। सभा में एरिया ऑफिसर-2 लीनेस अणिमा प्रसाद ने कहा, यह हमला अमानवीय और निंदनीय है। देश का हर नागरिक पीड़ित परिवारों के साथ है। अब समय है कि हम एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ सशक्त संदेश दें।

# अवैध शराब की बिक्री में लगातार हो रही बढ़ोतरी

**हसौद।** किकिरदा गांव में खुलेआम अवैध कच्ची महुआ शराब की बिक्री हो रही है। पंचायत के प्रतिबंध के बावजूद महिला धड़ल्ले से शराब बेच रही है। बिर्रा पुलिस और आबकारी विभाग को जानकारी होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इससे शराब बेचने वालों के हौसले बुलंद हैं।



गांव की बीच बस्ती में एक महिला लंबे समय से कच्ची शराब बेच रही है। ग्रामीणों और पंचायत ने कई बार बिर्रा पुलिस और आबकारी विभाग को इसकी जानकारी दी। फिर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत ने ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर गांव में शराब बिक्री पर रोक लगाने का निर्णय लिया था। कोटवार के माध्य२म से गांव में सूचना भी दी गई। इसके बावजूद महिला खुलेआम शराब बेच रही है।

महिला की दबंगई भी सामने आई है। वह खुलेआम कह रही है कि वह शराब बेचेगी और कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। गांव की बस्ती में शराब बिक्री के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा है। शाम होते ही नशे में धुत लोग हुड़दंग मचाते हैं। महिलाएं शाम को घर से बाहर नहीं निकल पातीं।

आज उप सरपंच प्रतिनिधि और पंच महिला को समझाने पहुंचे। उन्होंने शराब बिक्री बंद करने को कहा। लेकिन महिला ने उन्हें भी खुलेआम चुनौती दी। उसने साफ कहा कि वह शराब बेचना बंद नहीं करेगी। इससे साफ है कि महिला को बिर्रा पुलिस और आबकारी विभाग का संरक्षण प्राप्त है।

**अनमोल वचन......**

**काम इस प्रकार करते रहो, मानो पूरा कार्य तुममें से प्रत्येक पर निर्भर हैं।**

# सभी की नजर बिहार पर

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे करीब आ रही हैं, वहां के विभिन्न जाति समूह, हित समूह अपनी शक्तियों का अधिकतम उपयोग करने के लिए अपने को फिर से स्थापित करने लगे हैं। 2024 के लोक सभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को जो खरोंच लगी थी, उसकी भरपाई हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव में हो गई। अब सभी की नजर बिहार पर है जहां इस वर्ष विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। भाजपा एनडीए का प्रमुख घटक दल है। बिहार में वह पिछले दो दशकों से जनता दल (यू) की जूनियर पार्टनर के रूप में काम करती रही है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार वह ड्राइविंग सीट पर रहना चाहती है।

भले ही चुनाव आयोग ने अभी बिहार में चुनाव की घोषणा नहीं की है, लेकिन राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है।

दिल्ली में महागठबंधन के घटक दल राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेताओं की मुलाकात हुई। उधर, पिछले महीने गृह मंत्री अमित शाह का दो दिवसीय बिहार दौरा हुआ था। इस महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार जाने वाले हैं। राजनीतिक दलों और गठबंधनों की सक्रियता के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पारस) एनडीए से अलग हो गई।

इस राजनीतिक घटनाक्रम का बिहार विधानसभा चुनाव पर क्या असर पड़ेगा अभी कहना मुश्किल है, लेकिन इतना कयास अवश्य लगाया जा रहा है कि बिहार की राजनीति में यह लहरें पैदा कर सकता है। लोगों को याद होगा कि राम विलास पासवान के निधन के बाद उनके भाई पशुपति पारस ने शतरंज की ऐसी बिसात बिछाई थी जिसमें चिराग पासवान उलझ गए थे। पार्टी के सभी सांसद चिराग से अलग हो गए थे। लेकिन देश की राजनीति में हाशिये पर चले गए चिराग 2024 के लोक सभा चुनाव के बाद एक नई ताकत के रूप में उभरे हैं। भाजपा ने चिराग के गुट को लोक सभा की 5 सीटें दीं और पांचों प्रत्याशी चुनाव जीत गए। अब सवाल उठता है कि क्या राष्ट्रीय जनता दल के इशारे पर पशुपति पारस एनडीए से अलग हो गए। जाहिर है कि एनडीए में वह पूरी तरह अलग-थलग पड़ गए थे। राजद, कांग्रेस और वामदलों के महागठबंधन में ऐसे दलित चेहरे की आवश्यकता है जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान रखता है। इस मायने में पशुपति पारस उपयुक्त नेता हो सकते हैं। अब देखना है कि आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति में किस तरह की उथल-पुथल मचती है।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के नए तरीके आज आप सोचेंगे। साथ ही उसे समझने में अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अगर आप साझेदारी में काम कर रहे हैं तो साझेदार के दिमाग में कोई ऐसी तकनीक आएगी जिससे बिजनेस में उम्मीद से अधिक फायदा होगा।

**वृष राशि-** आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। निगेटिव थॉट्स को आज दिमाग में न आने दें। धनलाभ की संभावनाएं बन रही हैं साथ ही खर्चो में भी इजाफा होने वाला है। इस राशि के छात्रों को आज भविष्य के लिए योजना बनाकर पढ़ाई करने की जरूरत है। आज की गई मेहनत का आपको सकारात्मक परिणाम जरूर मिलेगा। बैंकिंग से जुड़े लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

**मिथुन राशि-** आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जरूरी काम आज समय से पूरा हो जाएगा। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने में संकोच न करें। सबकी दुवाओं का असर सुखद परिणाम लेकर आएगा। इस राशि के जो लोग प्रॉपर्टी डीलर है, उन्हे अच्छी डिल के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा।

**कर्क राशि-** आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। आज आपके मन में बहुत सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। इस राशि के नवविवाहित अधिक से अधिक समय जीवनसाथी को दें, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के जो छात्र मेडिकल से जुड़े हैं आज उन्हें कुछ नया सिखने को मिलेगा।

**सिंह राशि-** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे, जिससे आप वो सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं। आपको इन सब चीजों से खुद को दूर रखना होगा। दूर-संचार से जुड़ी किसी नई तकनीक से फायदा जरूर मिलेगा। आस-पास और साथ के लोगों में आपकी अच्छी इमेज बनेगी।

**कन्या राशि-** आज का दिन का अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आज आपको बड़ा फैसला आपको करना पड़ेगा। आज अपने खर्चो पर नियंत्रण बनाये रखें। आज लोग आपकी समझ और व्यवहार से काफी प्रभावित होंगे। हर कोई आपकी तरफ आकर्षित होगा। आज आपको चारों तरफ से खूब प्रशंसा मिलने वाली है।

**तुला राशि-** आज का दिन आत्मविश्वास और उम्मीदों वाला है। आज आपको नए अनुभव की प्राप्ति होगी। अभी तक आपने जीवन के हर संभव क्षेत्र में जो भी करने की सोच रहे हैं थे वह जल्द ही पूरा हो जाएगा। बस आपको धैर्य बनाकर रखने की जरूरत है। कामकाज में आज नए तरीकों को अपनाने की कोशिश करें फायदा जरूर मिलेगा।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है, जिसके पूरा होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। रुका हुआ पैसा आज वापस मिल जाएगा। कुछ नए मौके सामने आयेंगे जिनको खुले मन से स्वीकार करेंगे। आज आप ज्यादातर मामलों में खुद को भाग्यशाली महसूस करेंगे।

**धनु राशि-** आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। परिस्थितियां आज कुछ इस तरह से पुरानी चीजों को आपके सामने लाकर खड़ा कर देंगी, जिससे आप थोड़ी उलझन में रहेंगे। ऐसी स्थितियों में घर के बड़े बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आर्थिक स्थिति में आज अच्छा सुधार आएगा। किसी मित्र से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। घर में आज वातावरण अनुकूल रहेगा, वर्कलोड कम रहेगा।

**मकर राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। ऑफिस के किसी जरूरी काम को करने में सीनियर आपकी मदद करेंगे, जिससे काम आसानी से पूरा हो जाएगा। इस राशि के जो लोग संगीत से जुड़े हैं उनके लिएआज का दिन अच्छा है। जो छात्र विदेश में पढ़ाई करने के लिए उत्सुक हैं, उनके लिए सफलता के योग बने हुए है।

**कुंभ राशि-** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। कारोबार में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। आज आप जो भी करें, सकारात्मक सोच के साथ करें तो सफलता मिलेगी। किसी भी तरह का फैसला करने के पहले अच्छी तरह से सोच-विचार जरूर कर लें या फिर किसी अनुभवी से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक है उनके लिए समय अच्छा है।

**मीन राशि-** आज किस्मत का साथ मिलेगा। छोटे-मोटे धन लाभ मिलते रहेंगे, साथ ही घरेलू खर्चो में बढ़ोतरी भी होगी। इस राशि के जो लोग टीचर हैं उनका दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग नवविवाहित हैं आज उनकोजीवनसाथी से अच्छा सरप्राइज मिलेगा। आज महिलायें को काम से राहत महसूस होगी।

# पश्चिम बंगाल संपूर्ण देश के लिए डरावना प्रश्न बना

//अवधेश कुमार//

**पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से लेकर मध्य प्रदेश का गुना और इसके पहले नागपुर, मलाड आदि की घटनाओं में लगातार दिख रहे यथार्थ को पहचान कर उसके अनुरूप व्यवहार तय करने का समय है। मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठ कर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी।**

मालदा के पारलालपुर हाई स्कूल में शरण लिए लगभग 500 लोगों की तस्वीरें एवं वक्तव्य देश के सामने हैं। इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी गई, मारपीट की गई, अब न घर रहा, न खाने को राशन बचा। जो कुछ था, वे सब लूट कर ले गए। धुलियान में एक गरीब पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई जो हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। लोग कह रहे हैं कि उनकी पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है। अभी तक तो ममता बनर्जी सरकार को टंकियां जांच करके बता देना चाहिए था। नहीं बताने का मतलब? कई तालाबों में मछलियों सहित अन्य जीव मरे पाए गए यानी हमलावर घोषणा कर रहे थे कि सारे पानी में जहर मिला देंगे तो संभवतः उन्होंने तालाब में ऐसा किया। टीवी कैमरों के माध्यम से देश ने वहां की हिंसा देखी। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी अलग-अलग क्षेत्र में हिंसा हो रही है। शमशेरगंज सहित कई स्थानों में बीएसएफ की टीम पर गोलीबारी की गई। बीएसएफ कई घरों में जमा किए पत्थर हटा रही है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के कारण केंद्रीय सुरक्षा बलों की 17 कंपनियां तैनात की गई वरना पश्चिम बंगाल पुलिस के रहते क्या हो रहा था और क्या होता, कल्पना करने भर से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भले आप आलोचना करिए और उनके विरोधी हों। इन विकट परिस्थितियों में हिन्दू समाज के साथ इनके अलावा कोई खड़ा नहीं दिखता। अन्य पार्टियों की स्थानीय इकाइयां सच देखती हैं, भूमिका निभाता भी चाहती हैं, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में नहीं करतीं। स्थानीय भाजपा के कई नेताओं ने प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम या अफस्पा लागू करने की मांग की है। आपको भले नागवार गुजरे किंतु पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखिए और निष्कर्ष निकालिए कि वहां क्या किया जाना चाहिए। किसी का वक्फ संशोधन कानून से विरोध है तो उसका तरीका हिन्दुओं पर हमला कैसे सकता है। वैसे तो वक्फ के कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे मुसलमान या इस्लाम के विरुद्ध साबित किया जा रहा है। इस तरह का जहर फैलाने वाले वास्तव में स्वयं मुस्लिम समाज के दुश्मन हैं। बावजूद अगर आपको विरोध करना ही है तो इसके लिए हिन्दुओं के घरों पर हमले करने, धर्मस्थलों को क्षतिग्रस्त करने, हत्याएं करने, दुकान-घर जलाने आदि की क्या आवश्यकता है? ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। क्या हिंसा के लिए उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए?

हमलावरों की तैयारी कितनी थी, इसका अनुमान इसी से लगाइए कि पलायित लोग बता रहे हैं कि वे गैस सिलेंडरों को खोल कर दियासलाई से आग लगा रहे थे और पेट्रोल डाल रहे थे। आगजनी, पत्थरबाजी और गोली चलाने के लिए पहले की तैयारी चाहिए। गुना में हनुमान जयंती की शोभा यात्रा पर जितनी भारी संख्या में पत्थर चले और आगजनी हुई उसकी तैयारी एकाएक संभव नहीं। इसी तरह हजारीबाग में हुआ। लंबे समय से हम देख रहे हैं कि हिन्दुओं से जुड़े उत्सवों, शोभा यात्राओं, प्रतिमा विसर्जनों आदि पर इसी तरह पत्थरों से हमले होते हैं। फिर अग्निकांड होता है। इससे भी डरावना सच यह है कि कोई बड़ा मुस्लिम नेता या संगठन हिंसा के विरु द्ध मुखर होकर सामने नहीं आता। दूसरे पक्ष को ही दोषी ठहराने का अभियान चलता है, और कहा जाता है कि हमले उनके उकसाने पर हुए। किसी के उकसाने पर हजारों-लाखों की संख्या में पत्थर, पेट्रोल बम पैदा हो सकते हैं।

मुर्शिदाबाद पर बंगाल की ममता सरकार में मंत्री सिद्धीकुल्ला चौधरी कह रहे हैं कि हिंसा में बाहरी और भाजपा के लोग शामिल थे, वे बीएसएफ की गोली से मारे गए। जंगीपुर के स्थानीय तृणमूल सांसद खलीलुर रहमान का बयान भी यही है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष का वक्तव्य है कि एक राजनीतिक दल ने बाहर से अपराधियों को लाकर बीएसएफ के सहयोग से मुर्शिदाबाद में तांडव मचाया है।

ममता सरकार और उनकी पार्टी का स्टैंड यही है तो आप उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है। पिछले वर्ष लगभग इसी समय वर्धमान जिले में बम विस्फोट की जांच करने गई एनआईए टीम पर हमले हुए। विस्फोट बम बनाने के दौरान हुआ और मरने वाले तीनों तृणमूल कांग्रेस के थे। जाहिर है इसमें किसके गले तक हाथ पहुंचता है। चाहे शाहजहां शेख पर कार्रवाई करने गई टीम हो या अन्य जगह वहां हमेशा बड़ी संख्या में उन्हें हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है, खदेड़ा जाता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर पूरी सरकार, पार्टी हमला बोल शैली में साथ खड़ी होती है। जब सरकार और पुलिस प्रशासन का भय नहीं हो तो कट्टरवादी तत्व ऐसे ही उन्माद फैलाते हैं।

तो सच को सच की तरह देखिए। पश्चिम बंगाल संपूर्ण देश के लिए ऐसा डरावना प्रश्न बना हुआ है, जिसका अभी तक उत्तर नहीं मिला है। उनके संदर्भ में हिन्दू संगठनों, सरकारों तथा पार्टियों को नये सिरे से अपनी रणनीति और व्यवहार तय करना होगा। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी उदारवादी तबके को उनके विरुद्ध खुल कर सामने आना चाहिए। यह देश बचाने का प्रश्न है। जो समाज अपनी आत्मरक्षा और प्रतिरोध की शक्ति खो देता है, उसकी कोई रक्षा नहीं कर सकता।

इस समय हिन्दू समाज संविधान के तहत हिंसा या गलत के प्रतिरोध के अंधकार तक का इस्तेमाल करने का साहस नहीं दिखा रहा। न्यायालय की स्थिति यह है कि 2021 में हिन्दुओं के पलायन का मामला उच्चतम न्यायालय में आया और सुनवाई के दौरान एक बंगाली न्यायमूर्ति ने पहले अपने को अलग किया। फिर सुनवाई आरंभ हुई और एक और बंगाली जज साहब ने स्वयं को अलग कर लिया। इस कारण वह बाधित रही। वैसे भी न्यायालय ऐसी बढ़ती या स्थाई हो चुकीं प्रवृत्तियों का समाधान नहीं कर सकते।

# मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तेजी से उभर रहा

//गिरीश पाण्डे//

**भारत का विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तेजी से उभर रहा है। इसकी स्थिति में निरंतर सुधार देखा जा रहा है। वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक-2021 में भारत ने अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि चीन पहले स्थान पर रहा। इस रैंकिंग से पता चलता है कि अमेरिका और एशिया-प्रशांत क्षेत्र की तुलना में मैन्युफैक्चर्स भारत को पसंद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह इंडेक्स यूरोप, अमेरिका तथा एशिया-पैसेफिक (एपीएसी) के 47 देशों में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग के लिए आकषर्क या प्रॉफिटेबल डेस्टिनेशन की रैंकिंग करता है।**



वर्तमान में विनिर्माण क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 17त्न और 27.3 मिलियन से अधिक श्रमिकों के साथ देश की आर्थिक वृद्धि में अभिन्न स्तंभ के रूप में उभर रहा है। राष्ट्रीय विनिर्माण नीति (एनएमपी) के अनुसार, भारत का लक्ष्य 2025 तक अर्थव्यवस्था के उत्पादन का 25त्न विनिर्माण से प्राप्त करना है। भारत में 2030 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के सामान निर्यात करने की क्षमता है, और इस प्रकार यह प्रमुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की राह पर है। 'मेक इन इंडिया', 'प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना', और 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना' जैसी नीतियों ने विनिर्माण क्षेत्र को सशक्त किया है।

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अन्य बहुत-सी योजनाएं भी बनाई हैं। इस क्षेत्र में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कई विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) भी स्थापित किए हैं। घरेलू विनिर्माण ईकोसिस्टम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग महत्त्वपूर्ण है, इसके लोकलाइजेशन के लिए नये सिरे से स्कीम बनाई जा रही है। इससे चीनी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में स्थानीय निर्माताओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में संभावित रूप से सुधार करने में मदद मिलेगी। ग्लोबलाइज्ड सप्लाई चेन और बढ़े हुए भू-राजनीतिक जोखिमों की दुनिया में उनकी बारगेनिंग पावर भी बढ़ेगी। विनिर्माण क्षेत्र में कच्चे पदार्थ को मूल्यवान उत्पाद में बदला जाता है। यह क्षेत्र विशेष रूप से श्रम आधारित है। इसमें मशीनरी, औजार और श्रम का इस्तेमाल किया जाता है। मगर विगत वर्षो में इसकी गति अपेक्षाकृत धीमी रही है।

विनिर्माण क्षेत्र में यद्यपि उत्पादन बढ़ा है, लेकिन विश्लेषक इसे नाकाफी बताते हैं। उनका मानना है कि बुनियादी ढांचे का अभाव, कुशल श्रम की कमी और ऋण प्राप्त करने की कठिनाइयां, व्यापार नीति में निरंतरता का अभाव और जटिल कानूनी प्रावधानों तथा शैक्षणिक एवं कौशल व्यवस्था की अपर्याप्तता आदि सभी इसको प्रभावित करते हैं। जमीन अधिग्रहण से लेकर बिजली पर आने वाले खर्च और तमाम मंजूरियां हासिल करने में लगने वाले वक्त से लेकर माल ढुलाई (लॉजिस्टिक) की लागत और कर विवाद आदि के कारण भारत देसी-विदेशी विनिर्माण कंपनियों के लिए सही जगह नहीं बन पाया है। यह क्षेत्र वैश्विक मांग में कमी और चीन जैसे देशों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा से भी प्रभावित हुआ है।

चीन दुनिया में सबसे बड़ी विनिर्माण एवं व्यापारिक शक्ति बन चुका है। चीन 1 लाख करोड़ डॉलर से अधिक व्यापार अधिशेष (ऐसी स्थिति जब कोई देश आयात से अधिक निर्यात करता है) की स्थिति में है, जो बेमिसाल आंकड़ा है। मगर ट्रंप के सत्ता में दुबारा लौटने के बाद जिस प्रकार से चीन के साथ उसका टैरिफ वॉर चल रहा है, उसके मद्देनजर बड़ा सवाल यह भी खड़ा होता है कि चीन के उत्पादों का पश्चिमी देशों के बाजार में पहुंचना बंद हो जाएगा तो वे कहां जाएंगे? चीन तो इन उत्पादों का उत्पादन बंद नहीं करेगा क्योंकि यह उसकी अर्थव्यवस्था के लिए घातक होगा और अपस्फीति का जोखिम बढ़ जाएगा। लिहाजा, चीन की अधिकांश कंपनियों के लिए निर्यात प्राथमिकता रहेगी। चीन से ये उत्पाद भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में धकेले जाएंगे। ऐसे में विकासशील देशों के लिए जोखिम यह है कि चीन में तैयार उत्पाद उनके बाजारों में आने से वे अपना औद्योगिक ताना-बाना सुरक्षित रखने और आकार एवं दक्षता बढ़ाने के लिए संघर्ष करेंगे।

इस खतरे की आशंका अधिक है कि चीन इन देशों में स्थानीय औद्योगिक आधार को कमजोर कर देगा जिससे वे आकार, लागत एवं तकनीक के मोर्चे पर चीन की औद्योगिक ताकत का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। इसलिए हमें चीन से आने वाली वस्तुओं से निपटने की रणनीति तैयार करने और बेहतरीन एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करने के लिए अपने उद्योगों को सतर्क करना होगा और औद्योगिक गतिविधियों में कमी आने से रोकने और आपूर्ति व्यवस्था सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपाय करने होंगे। यह भी गौर करने योग्य है कि अभी दूरसंचार सुविधाएं मुख्य रूप से बड़े शहरों तक ही सीमित हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण तक अनुकूल पहुंच की कमी और कार्यशील पूंजी की उच्च लागत भी एक बड़ी बाधा बनी हुई है। इसके अतिरिक्त, कमजोर या खराब आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से इस क्षेत्र की लागत में वृद्धि होती है। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार, उद्योग जगत, व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों आदि सभी हितधारकों के स्तर से मिले-जुले प्रयासों की आवश्यकता है।

## सर्वोच्च न्यायालय वक्फ बोर्ड संशोधन कानून की सुनवाई में सतर्क, और दो अंतरिम आदेश जारी किए

सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना की अध्यक्षता वाली खंड पीठ ने नवीनतम वक्फ बोर्ड कानून के दो बिंदुओं को जस का तस रखने के आदेश जारी किए हैं जिसमें वक्फ बाय यूजर मुस्लिम धर्म की संपत्तियों को डिनोटिफाइड नहीं करने के आदेश दिए हैं जो 1991के वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के अनुसार रहेंगे। दूसरे यूडब्ल्यूएमआईआईडी यानि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2025 के अनुसार राज्य वक्फ बोर्ड या केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नियुक्ति अगली सुनवाई 05 मई तक नहीं करेगी ।यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय की ओर से भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को नोट कराए गए। याचिकाकर्ता मनोज झा, असुद्दीन उवैसी,इमरान मसूद,तथा अन्य याचिकाकर्ता सहित 77 याचिका दायर की गई है।

इस मामले में उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय संसद के बनाए कानून को रोक नहीं सकती है। उल्लेखनीय है याचिकाकर्ता ने अनुच्छेद 26 धार्मिक स्वतंत्रता का हवाला देकर न्यायालय से यह मांग की है कि मुसलमानों के धार्मिक रीति रिवाज और वक्फ संपत्तियों को देख भाल करने के लिए बनी समितियों, बोर्डों, परिषद में गैर मुसलमान की नियुक्ति करना संविधान की अनुच्छेद 26 के खिलाफ है। सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल की जिरह सुनने के बाद आदेश जारी किया है हालांकि सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह दलील भी दी कि तब तो सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस खन्ना की खंड पीठ भी सुनवाई नहीं कर सकती। न्यायालय ने तुषार मेहता की इस दलील को नहीं माना और आदेश जारी कर दिया। यह पहला मौका नहीं जब भारत की सर्वोच्च न्यायालय यानी न्यायपालिका और व्यवस्थापिका में किसी मुद्दे को लेकर विवाद हुआ हो।इससे पूर्व 1986 में शाहबानो प्रकरण में भी न्यायपालिका के आदेश को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने संसद में बिल ला कर आदेश बदला था।2006 में लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने संसद सदस्यों की बर्खास्त करने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय का नोटिस ही लेने से मना कर दिया था बल्कि सख्त टिप्पणी भी की थी कि संसद ही सर्वोच्च है संसद के बनाए कानून पर ही न्यायालय को चलना चाहिए।

## तस्वीरों की दुनिया



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में बेस्ट की इलेक्ट्रिक एसी बस सेवा को हरी झंडी दिखाई।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली स्थित कृषि भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा फ़विजन 2047: समृद्ध एवं महान भारत विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया।



अनंतनाग के पहलगाम आतंकी हमले के बाद ध्वस्त हुए मकान के आसपास खड़े स्थानीय लोग।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी श्रीनगर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल देखते हुए।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण किया और चारधाम यात्रा के लिए सुविधाओं की समीक्षा की।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को उनकी 106वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



पुलवामा के पहलगाम आतंकी हमले के बाद विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवानों द्वारा एक स्थानीय व्यक्ति के घर पर तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं।

# पाकिस्तान आतंक की फैक्ट्री, ब्रिटेन में भारतीय समुदाय का विरोध प्रदर्शन, पहलगाम हमले की निंदा की

**लंदन, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**

भारतीय समुदाय के सदस्यों ने शुक्रवार को लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। भारतीय झंडे, बैनर और तख्तियां थामे भारतीय समुदाय के सदस्यों ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की।लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए और ऐसे हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी समूहों को कथित रूप से समर्थन और आश्रय देने के



लिए पाकिस्तान की आलोचना की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और बैनर पकड़े हुए थे, जिन पर लिखा था, मैं हिंदू हूं। एएनआई से बात करते हुए, भारतीय समुदाय के एक सदस्य ने कहा कि हम भारतीय पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। उन्होंने (पाकिस्तान ने) आतंक की फैक्ट्री को बढ़ावा दिया है और इसी वजह से पहलगाम में हमारे 26 लोग मारे गए।

हम इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए हैं। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के कारण ब्रिटेन में रहने वाला भारतीय समुदाय आक्रोशित है। एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा हम यहां पाकिस्तान दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम अपनी एकजुटता और सम्मान व्यक्त करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। यह एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन है, जिसमें सभी भारतीयों की भागीदारी है।

## अमेरिका में जज पर लगा एक व्यक्ति को आव्रजन अधिकारियों से बचाने का आरोप



**मिल्वौकी।** एफबीआई ने मिल्वौकी के एक जज को गिरफ्तार किया है। जज पर एक व्यक्ति को आव्रजन अधिकारियों से बचने में मदद करने का आरोप है। व्यापक आव्रजन अभियान को लेकर ट्रंप प्रशासन और न्यायपालिका के बीच टकराव बढ़ गया है। काश पटेल ने गिरफ्तारी की जानकारी दीएफबीआइ निदेशक काश पटेल ने इंटरनेट मीडिया पर न्यायाधीश हन्ना डुगन की गिरफ्तारी की घोषणा की, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि हन्ना संघीय एजेंटों को जानबूझकर गुमराह की। पटेल ने लिखा कि शुक्र है कि हमारे एजेंटों ने पैदल ही अपराधी का पीछा किया और तब से वह हिरासत में है, लेकिन न्यायाधीश के अवरोध से जनता के लिए खतरा बढ़ गया है। डुगन को मिल्वौकी की संघीय अदालत में पेश किया गया, उसके बाद उन्हें हिरासत से रिहा कर दिया गया। अगली बार उन्हें 15 मई को अदालत में पेश होना है।सुनवाई के दौरान हन्ना डुगन के वकील क्रेग मास्टैंटुओनो ने कहा कि जज डुगन ने गिरफ्तारी पर दुख व्यक्त किया और इसका विरोध किया है। यह सार्वजनिक सुरक्षा के हित में नहीं है।

## इक्वाडोर में आया तेज भूकंप इमारतें क्षतिग्रस्त, 20 लोग घायल

**क्विटो 26 अप्रैल।** इक्वाडोर में तेज भूकंप आया और भूकंप में 20 लोग घायल हो गए, एस्मेराल्डास शहर में इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और कुछ तेल अवसंरचनाएं अस्थायी रूप से बंद हो गईं। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) ने बताया कि इक्वाडोर के तट के पास 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। ईएमएससी ने बताया कि भूकंप 23 किलोमीटर (14.29 मील) की गहराई पर आया, इक्वाडोर के अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी करने से इनकार कर दिया। सरकार ने एक रिपोर्ट में कहा कि भूकंप से 20 लोग घायल हुए और करीब 135 परिवार प्रभावित हुए। कई सार्वजनिक इमारतें और निजी घर क्षतिग्रस्त हो गए, और कुछ इलाकों में बिजली भी गुल हो गई।

# सीमा पर तनाव के बीच हाई अलर्ट पर अस्पताल डॉक्टरों की छुट्टी कैंसिल, कंट्रोल रूम बनाया गया

**जम्मू।** सीमा पर चल रहे तनाव के चलते राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल जम्मू अलर्ट हो गया है। अस्पताल प्रशासन ने किसी भी प्रकार की स्थिति के लिए तैयार रहने और अपने स्टाफ को अनावश्यक छुट्टियां नहीं लेने को कहा है। जीएमसी के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी एक आदेश में सभी कर्मचारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि किसी भी समय अगर कोई भी स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिए पूरी तरह से तैयार रहें। कोई भी अनावशयक छुट्टी न लें और डयूटी के समय अस्पताल प्रांगण को न छोड़े ताकि मरीजों की देखभाल प्रभावित न हो।



आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे चलने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

कंट्रोल रूम में कोई भी किसी भी स्थिति पर 0191-2582355 और 0191-2582356 पर संपर्क कर सकता है।गौरतलब है कि जम्मू में सीमावर्ती क्षेत्रों में कभी भी हालात खराब होने पर जीएमसी जम्मू हमेशा से ही अलर्ट पर रहा है। आसपास सिर्फ जीएमसी जम्मू में ही एकमात्र अस्पताल है जहां पर घायलों को उपचार के लिए लाया जाता है। इसी को देखते हुए अभी से ही जीएमसी जम्मू किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

## स्तन छूने का प्रयास दुष्कर्म की कोशिश नहीं, कलकत्ता हाईकोर्ट ने रद किया निचली अदालत का फैसला

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल की एक निचली अदालत द्वारा एक आरोपित को दोषी ठहराने और सजा सुनाने के पहले के आदेश को निलंबित करते हुए कहा कि पीड़िता के स्तन छूने का प्रयास यौन पोक्सो अधिनियम के तहत के तहत केवल गंभीर यौन उत्पीड़न के आरोप का समर्थन कर सकता है, न कि दुष्कर्म के प्रयास का। निचली अदालत ने आरोपित को गंभीर यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म का प्रयास दोनों का दोषी पाया और उसे 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ ने यह भी कहा कि मामले में पीड़िता की मेडिकल जांच में दुष्कर्म के प्रयास का संकेत नहीं मिला। पीड़िता के बयान के अनुसार आरोपित ने शराब के नशे में उसके स्तन छूने का प्रयास किया। खंडपीठ ने कहा कि कहा कि यदि अंतिम सुनवाई के बाद आरोप को केवल गंभीर यौन उत्पीड़न कर दिया जाता है, तो दोषी के लिए कारावास की अवधि भी 12 वर्ष से घटकर पांच से सात वर्ष के बीच हो जाएगी। इस विशेष मामले में दोषी पहले ही 28 महीने सलाखों के पीछे बिता चुका है।पीठ ने आदेश दिया कि अपील के निपटारे तक या अगले आदेश तक जो भी पहले हो, दोषसिद्धि और सजा के आदेश का संचालन निलंबित रहेगा।

## दाऊद इब्राहिम का भाई 10 साल पुराने मामले में बरी मकोका कोर्ट ने सुनाया फैसला, ये लगे थे आरोप

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष मकोका अदालत ने अंडरव?र्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को जबरन वसूली के एक मामले में बरी कर दिया। कासकर पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता की धारा 384, 386 और 387 के तहत मुकदमा चलाया गया।विशेष न्यायाधीश बीडी शेल्के ने उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। हालांकि, ठाणे जेल में बंद कासकर को रिहा नहीं किया जाएगा, क्योंकि उसके खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला लंबित है। कासकर ने 2015 में ठाणे में एक रियल एस्टेट डेवलपर से 30 लाख रुपये और चार फ्लैट मांगे थे। कासकर ने एक सह आरोपी के नाम पर एक फ्लैट पंजीकृत कराया था और 30 लाख रुपये की जबरन वसूली की थी। कासकर और दूसरे आरोपी के खिलाफ ठाणे के कासरवडावली पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। पिछले अपराधों के आधार पर मकोका लगाए गए हैं।

# ममता बनर्जी के सांसद के पास पैसों की किल्लत, TMC के MP देंगे हर महीने 4000 रुपये

**कोलकाता।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मानहानि के मामले में तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले के मासिक वेतन का दो-तिहाई हिस्सा काटने का आदेश दिया है। इसके बाद तृणमूल के 40 सांसदों ( लोकसभा और राज्यसभा) ने तय किया कि वह साकेत को प्रति महीने 4-4 हजार रुपये देंगे।लोकसभा और राज्यसभा में तृणमूल संसदीय दल के नेता सुदीप बंदोपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन ने शुक्रवार को एक संयुक्त बयान में इस निर्णय की घोषणा की है। संसदीय दल ने कहा है कि तृणमूल सांसदों ने यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया है। बयान में सुदीप और डेरेक ने लिखा कि हम सरकार को संसद के अंदर और बाहर सांसदों की आवाज को प्रतिशोधात्मक तरीके से दबाने की अनुमति नहीं देंगे, क्योंकि हम एक परिवार हैं। हमारी नेता ममता बनर्जी हैं। हालांकि, वेतन कटौती के मुद्दे से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है।मामले में पिछले साल जुलाई में दिल्ली हाई कोर्ट ने साकेत को 50 लाख रुपये का मुआवजा और माफी



मांगने का आदेश दिया था, लेकिन हाल ही में अदालत का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित कराया गया कि साकेत ने रुपये का भुगतान नहीं किया। इस आधार पर कोर्ट ने आदेश दिया है कि साकेत के सांसद के तौर पर प्रति महीने मिलने वाले वेतन में से दो तिहाई हिस्सा काटा जाए।

वह पैसा लक्ष्मी को दिया जाएगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि यह प्रक्रिया तब तक जारी रखी जाए, जब तक साकेत द्वारा भुगतान की गई धनराशि 50 लाख रुपये तक नहीं पहुंच जाती। साकेत ने 2021 में लक्ष्मी को लेकर कई पोस्ट किए थे। हालांकि, उस समय वह तृणमूल के सांसद नहीं बने थे। साकेत की मुख्य शिकायत यह थी कि लक्ष्मी का निवास जिनेवा, स्विटजरलैंड में है। उनके पति और केंद्रीय मंत्री हरदीप का नाम उनके साथ जोड़ा गया। हरदीप उस समय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के प्रभारी थे। साकेत ने आरोप लगाया कि उनकी संपत्ति आय के अनुरूप नहीं है। लक्ष्मी ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया। पूर्व राजनयिक ने कहा कि साकेत द्वारा उनके और उनके पति से संबंधित इंटरनेट मीडिया पोस्ट निराधार हैं। उन पर मानहानि का मुकदमा भी दायर किया गया था, जिसमें वह हार गए और उन्हें जुर्माना लगा है।

## बंदूकधारियों ने मचाया खूनी उत्पात, 20 लोगों की कर दी हत्या, दर्जनभर घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी जम्फारा राज्य के एक खनन गांव में हथियारबंद लोगों ने कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी और दर्जनों लोगों को घायल कर दिया।एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने उसी दिन एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गुरुवार दोपहर के आसपास बंदूकधारी डैन गुलबी जिले के गोबिरावा चाली गांव में मोटरसाइकिलों पर पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों की हत्या करना शुरू कर दिया।बंदूकधारियों का पहला लक्ष्य एक सोने की खदान वाली जगह थी, जहां उन्होंने शुरुआत में 14 लोगों की हत्या की, उसके बाद घरों और एक मस्जिद में और शव मिले। हमले का संभावित मकसद स्पष्ट नहीं था, लेकिन डाकू समूह संघर्ष-ग्रस्त उत्तरी क्षेत्र में सामूहिक हत्याओं और फिरौती के लिए अपहरण के लिए जाने जाते हैं, जिनमें से अधिकांश पूर्व चरवाहे हैं जो बसे हुए समुदायों के साथ संघर्ष में थे।दर्जनों सशस्त्र समूह नाइजीरिया के खनिज समृद्ध उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सीमित सुरक्षा उपस्थिति का लाभ उठाकर गांवों और प्रमुख सड़कों पर हमले करते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने अपने पोस्ट में कहा कि दान गुलबी जिले के लोगों पर बंदूकधारियों द्वारा बार-बार हमला किया गया है और वे लगातार संभावित हमले के डर में जी रहे हैं।

# यूनियन कार्बाइड कारखाने के आसपास क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता की होगी जांच, जांच के भेजे नमूने



**भोपाल, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**

शहर में यूनियन कार्बाइड कारखाने के आसपास स्थित क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण कराया जाएगा। इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर जांच दलों ने विभिन्न बस्तियों का निरीक्षण किया और नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। निरीक्षण करने वाले दल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश व सचिव सुनीत अग्रवाल, गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग के सहायक निदेशक राकेश बजाज, नगर निगम भोपाल के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, प्रदूषण बोर्ड, पीएचई विभाग के अधिकारी और याचिकाकर्ता की ओर से नामित रचना ढींगरा शामिल थी।बता दें कि भोपाल यह निरीक्षण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका क्रमांक 657/1995 - रिसर्च फाउंडेशन फार साइंस बनाम भारत संघ के मामले में दिए गए निर्देशों और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जारी आदेशों के पालन में किया गया है।

न्यायाधीश सुनीत अग्रवाल ने बताया कि जिन क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है और ट्यूबवेल आधारित जल स्रोतों से जल प्राप्त हो रहा है। वहां के जल नमूनों की जांच मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से करवाई जाएगी। यह जांच विशेष रूप से हेवी मेटल्स जैसे मरकरी, आर्सेनिक एवं पेस्टिसाइड्स की उपस्थिति को परखने के लिए की जाएगी, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। 19 मोहल्लों का टीम ने किया निरीक्षण टीम ने कुल 19 मोहल्लों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ब्लू मून कालोनी, प्रेम नगर, शिव शक्ति नगर, उड़िया बस्ती, शिव नगर, गरीब नगर, नवाब कालोनी में पाईप लाइन फूटी मिली और नाले के बीच से पेयजल की पाइप लाइन गुजर रही थी।इसके अलावा फूटा मकबरा, कैंची छोला, कल्याण नगर आदि बस्तियों का निरीक्षण किया जहां पर लोगों के पानी कनेक्शन नहीं दिए गए है । जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश है कि 42 मोहल्लों के रहवासी जिनके घर 2012 से पहले बने हुए है उन्हें नगर निगम मुफ्त कनेक्शन प्रदान करेगी।

# बदलते वैश्विक माहौल में भारतीय कारोबारियों को लुभाने में जुटा चीन, भारतीय इंजीनियरों को बुला रहा अपने देश

**नई दिल्ली।** अमेरिका की शुल्क नीति से बदले वैश्विक कारोबारी माहौल में चीन अब भारतीय कारोबारियों को पूरी तरह से लुभाने में जुट गया है। भारतीयों को अपने उत्पादन की जानकारी से दूर रखने वाला चीन अब अपनी मशीन बेचने के लिए भारतीय कंपनियों के इंजीनियर्स को मशीन की पूरी जानकारी दे रहा है। उन इंजीनियर्स को मशीन को खोलकर फिर से उसे असेंबल करने का प्रशिक्षण दे रहा है। भारतीय इंजीनियर्स उनके मेहमान बनकर इस प्रकार का प्रशिक्षण ले रहे हैं। अभी हाल में चीन के शेनजेन और गोंजो में लगे व्यापारिक मेले में चीन की कंपनियों के साथ कई भारतीय कंपनियों ने इस प्रकार के समझौते किए है। असल में चीन की मशीन के खराब होने पर उसे ठीक कराने में होने वाली दिक्कत को देखते हुए भारतीय उद्यमी चीन की मशीन खरीदने से कतराने लगे थे।चीन की मशीन खराब होने पर चीन के इंजीनियर्स को भारत बुलाना पड़ता था, लेकिन चीन के इंजीनियर्स को आसानी से वीजा नहीं मिलने के कारण कई बार चीन की मशीन ठीक कराने में महीनों लग जाते थे और उद्यमियों को इसका नुकसान उठाना पड़ता था।अमेरिका की तरफ से चीन के सभी उत्पाद पर 145 प्रतिशत का शुल्क लगाने के बाद चीन को भारत अपने माल की खपत के लिए बड़ा बाजार दिख रहा है। इसलिए चीन भारतीय कारोबारियों को कच्चे माल पर भी पहले की तुलना में अधिक छूट दे रहा है।एचएस ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक नितिन अग्रवाल ने बताया कि वे अपनी कंपनियों के लिए प्लास्टिक उत्पाद बनाने की मशीन चीन से खरीद रहे हैं और उनके इंजीनियर को चीन की कंपनी मशीन को खोलकर उसे फिर से फिट करने व अन्य तकनीकी जानकारी देगी ताकि भारत आने के बाद मशीन में खराबी आने पर उन्हें चीन के इंजीनियर का इंतजार नहीं करना पड़े।इस संबंध में चीन की कंपनी के साथ उन्होंने समझौता भी किया है। चीन की कंपनियां मशीन की सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग को छोड़ सभी कुछ बताने व सिखाने के लिए तैयार है। इसका फायदा यह होगा कि कुछ सालों में ऐसी मशीन भारत में भी बनने लगेंगी।

## विमान से गिरे धातु के टुकड़े से मकान क्षतिग्रस्त, वायुसेना ने जताया खेद



**शिवपुरी, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में शिवपुरी जिले के पिछोर थाना क्षेत्र की ठाकुर बाबा कालोनी में शिक्षक मनोज सगर के मकान पर शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे भारतीय वायुसेना के विमान से गिरे धातु के भारी टुकड़े से दो कमरे क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, आंगन में गहरा गड्ढा हो गया। शिक्षक और उनका परिवार बाल-बाल बच गया। तेज धमाके से आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। पुलिस की सूचना पर ग्वालियर से मौके पर पहुंची वायुसेना की टीम ने निरीक्षण किया।शाम को भारतीय वायुसेना ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि भारतीय वायुसेना के विमान से अनजाने में गैर विस्फोटक धातु का टुकड़ा गिर जाने के कारण संपत्ति को हुए नुकसान के लिए खेद है। घटना की जांच के लिए समिति बना दी गई है।घटना के समय मनोज सगर दो बच्चों व पत्नी के साथ घर के दूसरे हिस्से में थे। विमान से गिरे धातु के भारी-भरकम टुकड़े से दो कमरों की छत टूट गई। दीवारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। मनोज की पत्नी को सिर में हल्की चोट भी लगी।ग्वालियर के महाराजपुरा स्थित एयरबेस से पहुंची टीम ने गड्ढे की खोदाई करवाई, क्योंकि विमान से गिरे धातु के टुकड़े का कुछ हिस्सा अंदर तक घुस गया था।लोगों ने बताया कि धातु का टुकड़ा गिरने से हुआ धमाका इतना भीषण था कि आसपास के मकानों में कंपन हो गया। कालोनी के सभी लोग मकानों के बाहर निकल आए।

### भारत की नहीं है आतंकी हमले में मारे गए कोलकाता के बितान की पत्नी, नागरिकता को लेकर छिड़ा विवाद

**कोलकाता।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कोलकाता के बितान अधिकारी की पत्नी सोहिनी की नागरिकता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सोहिनी के जेठ विभु अधिकारी ने न सिर्फ सोहिनी के बांग्लादेशी होने का दावा किया है बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय जालसाज भी करार दिया है। दूसरी तरफ सोहिनी के भाई ने इस आरोप को सिरे से नकारा है। सोहिनी से इसपर प्रतिक्रिया लेने का प्रयास करने पर कहा गया कि वह अभी शारीरिक व मानसिक तौर पर बातचीत करने की स्थिति में नहीं हैं। सोहिनी गत बुधवार को ही कोलकाता के वैष्णवघाटा पाटुली इलाके में स्थित अपने घर लौटी हैं। विभू ने दावा किया कि सोहिनी भारत की नागरिक नहीं हैं।

# यमुना की सफाई में सहायक हो सकता है कोल्हापुर का पंचगंगा मॉडल

**मुंबई, 26 अप्रैल [एजेंसी]।**

करीब 35 वर्ष पहले देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों पर हुए एक सर्वेक्षण में महाराष्ट्र के कोल्हापुर की पंचगंगा नदी का नाम भी शामिल था। लेकिन आज शहर के लगभग बीच से बहनेवाली पंचगंगा नदी में लोग नहाते और तैरते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं।इन 35 वर्षों में कुछ स्थानीय संस्थाओं का अथक परिश्रम एवं कोल्हापुरवासियों की इच्छाशक्ति ने जो स्वरूप पंचगंगा को प्रदान किया है, वह दिल्ली की यमुना नदी सहित देश की कई अन्य नदियों के लिए एक मॉडल सिद्ध होता है। हाल ही में कोल्हापुर में आयोजित 'अर्थ जर्नलिस्ट नेटवर्क' के एक कार्यक्रम में बोलते हुए पर्यावरणविद् उदय गायकवाड़ ने बताया कि जब 1989-90 में हुए एक सर्वेक्षण में कोल्हापुर की पंचगंगा नदी को देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में से एक बताया गया, उस समय कोल्हापुर शहर के नलों से आपूर्ति होनेवाला पानी भी पीना मुमकिन नहीं था। पूरा शहर पीलिया जैसे खतरनाक रोगों से जूझ रहा था। तब कोल्हापुरवासियों को अहसास हुआ कि जिंदगी को बेहतर बनाना है, तो अपनी पंचगंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करना होगा। तभी से शुरू हुए कई तरह के प्रयासों का परिणाम है कि जब पिछले साल राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने महाराष्ट्र की 56 नदियों को प्रदूषित घोषित किया, तो उसमें पंचगंगा नदी का नाम शामिल नहीं था।



गायकवाड़ बताते हैं कि देश के पश्चिमी घाट में 150 किमी. के अंदर पांच नदियां प्रवाहित होती हैं। ये नदियां नीचे आकर जहां मिलती हैं, वहीं से कोल्हापुर शहर शुरू होता है। इन नदियों के आसपास ही बॉक्साइट खनिज की कई खदानें थीं। जिनके खनन के लिए कोई अनुमति नहीं लेनी पड़ती थी। खनिज की परत मिट्टी की 10-12 फुट परत के नीचे शुरू होती थी। खनन करनेवाले इतनी मिट्टी हटाकर किनारे रखते थे, फिर खनिज का खनन करते थे। तेज बरसात होने पर किनारे रखी यही मिट्टी बहकर इन नदियों में आ जाती थी। खनिज मिली यह मिट्टी प्रदूषण का एक बड़ा कारण बन रही थी। स्थानीय लोगों ने आंदोलन कर प्रशासन को बॉक्साइट का अवैध खनने रोकने पर बाध्य किया, तो प्रदूषण में काफी हद तक कमी आई। पंचगंगा नदी में प्रदूषण का दूसरा माध्यम थीं, कोल्हापुर की चीनी मिलें। यह पूरा क्षेत्र गन्ने के उत्पादन और चीनी मिलों के लिए जाना जाता है। स्थानीय लोगों ने इन चीनी मिलों से नदियों को होनेवाले प्रदूषण के विरुद्ध भी आवाज उठाई। जिसके फलस्वरूप ज्यादातर चीनी मिलों का प्रदूषण नदियों में आना बंद हुआ। लेकिन इसके साथ-साथ एक बड़ा और महत्त्वपूर्ण प्रयास शहर के सीवेज का ट्रीटमेंट करके उन्हें नदियों में छोड़ने का शुरू किया गया। गायकवाड़ बताते हैं कि कोल्हापुर शहर में जल की कुल खपत 150 एमएलडी (मेगालीटर प्रति दिन) की है। इसमें से 124 एमएलडी सीवेज पैदा होता है। जिसमें से 110 एमएलडी, यानी 95 प्रतिशत सीवेज को ट्रीट कर लिया जाता है। अपने कुल सीवेज का 95 प्रतिशत ट्रीट करनेवाला शायद महाराष्ट्र ही नहीं देश में भी कोई दूसरा शहर नहीं होगा। ट्रीट किया हुआ ये पानी दिखने में सामान्य जल जैसा ही दिखाई देता है। कोल्हापुर में चार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के आधार पर चल रहे हैं एवं तीन अभी तैयार हो रहे हैं। कोल्हापुर से सटे पड़ोसी शहर इचलकरंजी में भी एक एसटीपी चल रहा है, दो और बन रहे हैं। एसटीपी चलानेवाली कंपनी और कोल्हापुर नगर निगम की बराबरी की भागीदारी है। सामान्यतः किसी एसटीपी से नदियों में छोड़े जानेवाले शोधित जल की बीओडी (बायोलाजिकल आक्सीजन डिमांड) 13 से कम होनी चाहिए। लेकिन कोल्हापुर में यह पैमाना 10 से कम ही रखा गया है। लेकिन यहां के चारों एसटीपी से निकलनेवाले जल का बीओडी 7.5 ही रहता है।

## डींगे हांकने वाला पाकिस्तान बलूच विद्रोहियों का सामना करने में असफल, 24 घंटे में आधा दर्जन जवान मारे गए

**क्वेटा।** पाकिस्तान में शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों को ले जा रहे एक वाहन के पास सड़क किनारे हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में चार सैनिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस प्रमुख नवीद अहमद के अनुसार यह हमला बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में हुआ। किसी भी समूह ने अब तक बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।संदेह बलूच विद्रोहियों पर होने की आशंका है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने बम विस्फोट की निंदा की। यह ताजा हमला बलूचिस्तान के कलात में एक वाहन पर बम हमले में तीन की मौत के एक दिन बाद हुआ है।पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान छह आतंकवादियों को मार गिराया, सेना की मीडिया शाखा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

दूरस्थ ग्राम पंचायत दसेर में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत स्वीकृत है अतिरिक्त कक्ष निर्माण

# सोनहत में निर्माण कार्य में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त



**कोरिया बैकुंठपुर।** सोनहत जनपद पंचायत के दूरस्थ ग्राम पंचायत दसेर में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विगत एक माह से अधूरा पड़ा है, जिस पर कोरिया कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कड़ा रुख अपनाते हुए नाराजगी जाहिर की है।

## अधिकारियों को दिए तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तत्काल प्रभाव से कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान समय निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त है, क्योंकि आने वाले एक-डेढ़ माह में मानसून की शुरुआत हो जाएगी, जिससे कार्य बाधित हो सकता है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान मजदूरों और कारीगरों की उपलब्धता भी चुनौती बन सकती है, इसलिए सभी निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की सतत निगरानी की जाए तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं का विकास शासन की प्राथमिकता में शामिल है और इसमें किसी भी तरह की कोताही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## स्वास्थ्य विभाग की रणनीतिक पहल

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में कुपोषण और कम वजन के नवजात शिशुओं की दर को घटाने के उद्देश्य से कलेक्टर आदरणीय श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समीक्षा एवं रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ से आईं पोषण विशेषज्ञ डॉ अपर्णा देशपांडे द्वारा कोरिया जिले के एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने एनआरसी में दर्ज कुपोषित बच्चों की माताओं तथा प्रसूति वार्ड में भर्ती महिलाओं से स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, स्तनपान एवं स्वच्छता आदि विषयों पर संवाद किया। सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित बैठक में कम वजन के नवजात शिशुओं की दरों में कमी लाने के लिए रणनीतिक चर्चा की गई।

# 17 वर्षों के संघर्ष के बाद आरती को मिली कालरी की नौकरी





**चरचा कालरी।** चरचा कालरी में कार्यरत रहे स्वर्गीय खेलन सिंह की पत्नी आरती को पति की मृत्यु के 17 वर्षों पश्चात अंततः अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त हुई इतने लंबे वर्षों तक संघर्ष करने के पश्चात मिली सफलता से आरती व उसके परिजन बेहद खुश हैं आरती के पति खेलन सिंह की 11 सितंबर 2009 को बिमारी के बाद मौत हो गई थी वे चर्चा कालरी में नौकरी करते थे 2010 मे खेलन सिंह की पत्नी आरती ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था चार बर्ष बाद तत्कालीन निदेशक कार्मिक ने यह कहते हुए आवेदन ख़ारिज कर दिया कि खेलन सिंह आदतन ड्यूटी से नागा करते थे ऐसी स्थिति में उनको नौकरी देना संभव नहीं है बर्ष 2022 में एटक यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह के पास आरती अपने रिश्तेदार के साथ पहुँचकर सारी बात बताई कामरेड हरिद्वार सिंह ने सारी बात सुनकर एवं उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन कर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम से एक आवेदन आरती की ओर से दिलवाए व लगातार प्रकरण को आगे बढ़ाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क करते रहे और अंततः निरंतर संघर्ष से सफलता मिली और एसईसीएल द्वारा आरती को उसके पति की जगह अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई इसके अतिरिक्त आरती को उसकी पसंद की जगह हसदेव क्षेत्र के वर्कशॉप बिजुरी मे नौकरी की सुविधा दी गई इस प्रकरण मे बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी .एन. झा ,निदेशक कार्मिक बिरंची दास, श्री परेडा , सुधांसु ट्रेड यूनियन के महेश यादव, अतुल गुप्ता ,नवीन खान आदि ने अहम भूमिका निभाई एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह ने कहा कि देर है अँधेर नहीं ऐसे प्रकरणों को बिना कोर्ट के हल कराने में बेहद खुशी होती है कामरेड हरिद्वार सिंह ने कहा ऐसे दर्जनों प्रकरणों का वे निराकरण कराये हैं किन्तु सुगुडी बाई और आरती का प्रकरण याद रखने लायक़ है यह मज़दूरों की जीत है।

उल्लेखनीय है कि कामरेड हरिद्वार सिंह लगातार कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं और जनसंपर्क में निरंतर सक्रिय रहते हैं उनके प्रयासों से अब तक अनेक श्रमिकों को न्याय मिला है।

## राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव का भव्य स्वागत



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव के प्रथम कोरिया आगमन पर विश्राम गृह बैकुंठपुर में जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व मे पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त रामनाथ यादव विश्राम गृह मे पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ से मुलाकत की। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष कमलेश यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश्वर रजक, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, मनेजर राजवाड़े, किशोर सिरदार, संजय चिकनजूरी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेन्द्र राजवाड़े, जिलाध्यक्ष हितेश सिंह, युवा नेता शारदा गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मनोज साहू, सुशील यादव, जिला मंत्री रमेश तिवारी, जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, जिला कोषाध्यक्ष रवि पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, विकासखण्ड सचिव शिव प्रताप सिंह, श्याम आडिल्य, रवि बैगा,अमर नाथ, मंजू जिवनानी,रवि त्रिपाठी, अन्नू दुबे, शिव राजवाड़े, रोशन राजवाड़े, राम सुन्दर राजवाड़े, जगनारायण साहू, शाहिद असरफी, रामशंकर सिंह, दिनेश साहू, हरिओम साहू, मनोज सोनवानी, महेन्द्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने प्रतिलिपि शाखा में बैठकर किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले की जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए गए प्रतिलिपि शाखा जहां पर भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज आसानी से उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन सारी व्यवस्थाएं बना कर रखी है। बावजूद इसके किसानों को हो रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन कोरिया की संवेदनशील कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने गंभीरता से लेते हुए वहां पर पद कर्मचारियों को सख्त विधायक दी है। किसी भी प्रकार की परेशानी जिले के किसानों को ना हो तथा जिला कलेक्टर ने स्वयं प्रतिलिपि शाखा में बैठकर किसनो को संज्ञान मे लिया और वहां पर कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी की किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो किसानों को शिकायत मिलने पर सतर्क कार्रवाई की जाएगी निश्चित तौर पर जिला प्रशासन कोरिया किसी भी शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए समस्याओं के समाधान में सदैव तत्पर नजर आ रहा है।

## पहलगाम हमले के विरोध में शहर रहा स्वस्फूर्त रूप से रहा पूर्णतः बंद



**कोरिया बैकुंठपुर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए कायराना हमले के विरोध में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरिया के द्वारा कल शुक्रवार को प्रातः समय 12 बजे तक शहर बंद का आह्वान किया गया था। जिसके परिणाम स्वरुप नगर के समस्त छोटे बड़े व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे एवं बंद को सफ़ल बनाते हुए अपने गुस्से का इज़हार किया। सभी व्यापारियों ने एक स्वर में आतंक के आकाओं को सबक सिखाने के लिए सरकार से आग्रह किया। चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने इस संबंध ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए हिन्दुओं का नरसंहार के विरोध में देश के हर हिस्से से आवाज उठ रही है । हम पूरी तरह सरकार के साथ हैं और कठोरतम कार्यवाही की मांग करते हैं चेंबर के प्रदेश मंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने आतंकियों के इस दर्दनाक हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सरकार से राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में चेंबर के इस बंद में कोरिया व्यापारी संघ का पूर्ण सहयोग एवं समर्थन था संघ के जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता ने भी इस हेतु सहयोग प्रदान करने में व्यापारियों का आभार ज्ञापित किया है।

## माँ की पीड़ा को मिला सहारा

**कोरिया बैकुंठपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास कार्यालय को पटना तहसील के ग्राम गिरजापुर निवासी श्रीमती अमृतांजली द्वारा एक भावनात्मक आवेदन प्राप्त हुआ। पति के असामयिक निधन से व्यथित अमृतांजली ने अपने 5 वर्षीय पुत्र चन्द्रांश राजवाड़े के उज्ज्वल भविष्य, पालन-पोषण, शिक्षा एवं पोषण हेतु आर्थिक सहायता की मांग की थी।

# चरचा खदान हादसे में मृत दिगेश्वर सिंह के परिवार से मिले विधायक भईया लाल





**बैकुंठपुर कोरिया।** चरचा कोयला खदान में विगत दिनों हुई घटना में मृत दिगेश्वर सिंह के घर शुक्रवार को बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े शोकाकुल परिवार से मिलने बरबसपुर पहुंचे । विधायक भईया लाल राजवाड़े ने मृतक के पिता शोभित सिंह और परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और उनके दुख के घड़ी में सभी प्रकार के सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही विधायक भईया लाल राजवाड़े ने मृतक के परिवार को दुर्घटना पश्चात ठेका प्रबंधन से मिलने वाले समस्त प्रकार के मुआवजे और परिवार के सदस्य को नौकरी दिलाने को लेकर मुखिया अफसर से बात किया और जल्द ही सहजता पूर्वक सारी प्रक्रिया को अमल में लाने आदेश दिया। मृतक का परिवार अपने दुख के घड़ी में पूर्व मंत्री व वर्तमान बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े को अपने बीच देखकर उनका आत्मीय रूप से आभार जताया। विधायक भईया लाल राजवाड़े जी के साथ बरबसपुर क्षेत्र के युवा नेता सुरेंद्र अग्रवाल,कोरिया भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अजीत पाटकर,सीताशरण साहू,बीरेंद्र सिंह,वार्ड पंच रणधीर सिंह, पूर्व सरपंच रविन्द्र सिंह,संदीप पटेल,मोंटी सहित कोडीपारा व बरबसपुर के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कोयला चोरों को पकड़ा चर्चा पुलिस ने



**चरचा कालरी।** चर्चा थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार हो रही कोयला चोरी की घटनाओं के प्रति कार्यवाही करते हुए चर्चा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी चर्चा कालरी के डी पॉइंट बेल्ट लाइन में कोयला चोरी का प्रयास कर रहे थे इस दौरान सुरक्षा गार्ड द्वारा रोकने पर उससे विवाद करने लगे इस पर कॉलरी के सुरक्षा विभाग द्वारा चर्चा थाने को सूचना दी गई जिस पर चर्चा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी गोरेलाल, अरमान ,गुलेश्वर ,प्रेम प्रकाश राजवाड़े सभी निवासी बिशनपुर जूना पारा के विरुद्ध धारा 170 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया इसके अतिरिक्त गिरफ्तार आरोपियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में अनुविभागीय दंडाधिकारी बैकुंठपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया चर्चा पुलिस द्वारा इस प्रकार की अपराधी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने एवं कार्यवाही करने से निश्चित ही कोयला चोरों पर अंकुश लगेगा।

## रोमांटिक क्राइम थ्रिलर खारून पार में पहली बार नजर आएगी शील-एल्सा की जोड़ी



**कोरिया।** क्राइम थ्रिलर फिल्मों ने आजकल बॉलीवुड में अपना दबदबा बनाए रखा है अब छत्तीसगढ़ में भी ऐसी फिल्मो का निर्माण होने लगा है जिसमे छत्तीसगढ़ी की एक नई फिल्म खारून पार आजकल चर्चा का विषय बनी हुई है, हाल ही में 5 सितम्बर को फ़िल्म रिलीज़ की घोषणा की गई हैं, इस फ़िल्म में ले शुरू होगे मया के कहानी एवं मोर छैयाँ भुइयाँ 2 की स्टार एल्सा घोष मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगी और एल्सा के अपोजिट ले चलहू तोला अपन दुवारी के मुख्य कलाकार शील वर्मा भी नज़र आयेंगे, सूत्रो से मिली खबरों की माने तो फिल्म सेंसर के लिए निकल चुकी है, खारून पार मल्टी स्टारर फिल्म होगी इस फ़िल्म में शील और एल्सा के अलावा वैदेही एवं दंतेला के लीड स्टार विशाल दुबे और फेमस कॉमेडियन अमन सागर भी काफ़ी अहम भूमिका में नज़र आयेंगे, इनके अलावा छत्तीसगढ़ी सिनेमा के चर्चित चेहरे क्रांति दीक्षित और दंतेला फ़िल्म से डेब्यू कर रही राया डिंगोरिया भी अहम किरदार में नज़र आयेंगे, इस फिल्म का प्रोडक्शन इनसाइड मी ओरिजनल्स के बैनर तले हुआ, इस फ़िल्म का निर्देशन दिव्यांश सिंह और साईं भरथ कर रहे है, फ़िल्म की पूरी शूटिंग रायपुर से होकर गुज़रने वाली खारून नदी आस पास हुई है और महादेव घाट को प्रमुखता से दिखाया जाएगा, फिल्म की कहानी खारून नदी इर्द गिर्द रहने वाले सारे किरदारों की है, जो ज़िंदगी में अपनी अपनी मुश्किलों में फसे हुए है और इनकी कहानी एक जगह आकर मिलती है और आगे जो होगा उसकी कल्पना सोच से परे है असली सच तो आपको सिनेमा घर में जाकर पता चलेगा।

## भीषण गर्मी में राहत-सुशासन तिहार के तहत त्वरित समाधान से मिला नल कनेक्शन और साफ पेयजल



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में जारी भीषण गर्मी के बीच आम नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पेयजल समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश और सुशासन तिहार अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों पर तुरंत संज्ञान लेकर समाधान की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में %सुशासन तिहार% में प्राप्त आवेदन के आधार पर नल कनेक्शन उपलब्ध कराना, बिगड़े हैंडपंपों की मरम्मत करना एवं स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पटना नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक एक निवासी करीब 87 वर्षीय श्री जमादार द्वारा नल जल योजना के अंतर्गत नल कनेक्शन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसी प्रकार पटना नगर पंचायत के बाजार पारा निवासियों ने कलेक्टर से अनुरोध किया था कि बाजार में आने लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की जाए, वहीं ग्राम बरपारा के निवासियों ने खराब हैंडपंप के मरम्मत हेतु सुशासन तिहार में आवेदन किया था। इन आवेदनों का परीक्षण पटना नगर पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तत्परता से किया गया एवं गुरुवार को इन सभी समस्याओं का समाधान कर लाभार्थियों व ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार अब वास्तव में समाधान तिहार बन गया है। साथ ही उन्होंने प्रशासन, पीएचई विभाग एवं संबंधित कर्मचारियों को भी त्वरित समाधान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कोरिया ने भीषण गर्मी में पेयजल समस्या को देखते हुए टोलफ्री नम्बर-18002330008 तथा क्लस्टर अनुसार मोबाइल नम्बर जारी किया गया है-उपखण्ड बैकुण्ठपुर सहायक अभियंता प्रखर बेले 9926165312, उप अभियंता सोनहत भूपेन्द्र सिंह कोर्चे 7748008419, उप अभियंता बैकुण्ठपुर सुश्री ज्योत्सना लकड़ा 9617476132, अभिषेक कुमार कुशवाहा पटना 9893831825, अमित कुमार टोप्पो कुडेली 8889902726, हेमन्त कुमार बैकुण्ठपुर 9174046945, श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा बैकुण्ठपुर 8889537297, एल पी पटेल कटगोड़ी 9617928918, अंकुश कुमार निर्मलकर सोनहत 9691302981, अजय कुमार रामगढ़ 7828824948 को 30 जून तक पेयजल निवारण के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

## स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

**कोरिया बैकुंठपुर।** 25 अप्रैल को शासकीय प्राथमिक शाला चेर में अंगना में शिक्षा, स्मार्ट क्लास का उद्घाटन, सम्मान समारोह एवं न्योता भोजन का आयोजन किया गया जिसमें जिला सहायक संचालक प्रकाश तिवारी एम. आई.एस. प्रशासक विनय मोहन भट्ट विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल एपीओ बृजराज गिरी जी के कर कमलो से स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया जिसमें स्मार्ट टीवी के द्वारा बालवाड़ी तथा शाला के विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा।

# जिम्मेदारी से नागरिकों की बातों को सुने, आवेदनों को गम्भीरता से समझें और यथासमय निराकरण करें



**कोरिया बैकुंठपुर।** कई बार एक अधिकारी की व्यक्तिगत संवेदनशीलता और तत्परता, किसी बुजुर्ग की ज़िंदगी में राहत की वह किरण बन जाती है, जिसका वर्षों से इंतजार होता है। कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने गुरुवार को ऐसा ही एक उदाहरण प्रस्तुत किया, जब ग्राम जूनापारा से आए 80 वर्षीय रामचरण रजवार की भूमि संबंधी समस्या को उन्होंने स्वेच्छा से, तत्काल संज्ञान में लिया यह आवेदन सुशासन तिहार के अंतर्गत नहीं, बल्कि सीधे कलेक्टर के पास व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया गया था।

भावुक बुजुर्ग रामचरण ने अपनी बात रखते हुए कहा, 'मे ह बिकट परशान हंव मेडम मोर आवेदन के निराकरण कर दें'। श्री रामचरण ने बताया कि उनके बड़े भाई रामबक्स के नाम पर ग्राम जूनापारा के खसरा नंबर 116 और 489 में कुल 0.7400 हेक्टेयर कृषि भूमि दर्ज है। भाई के निधन के बाद इस भूमि में उनका भी हिस्सा है और भाई के अन्य वारिस पत्नी व पुत्रवधू भी इस बात पर सहमत हैं कि उनका नाम सहखातेदार के रूप में राजस्व रिकॉर्ड में जोड़ा जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने पूरे धैर्य और मानवीय संवेदना से बात सुनी। उन्होंने मौके पर ही बैकुंठपुर तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह को फोन कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए और संबंधित पटवारी व आरआई को भी सक्रिय किया। केवल निर्देश तक ही सीमित न रहकर, उन्होंने यह भरोसा भी दिया कि 'आज ही समाधान होगा' और यह सिर्फ एक औपचारिक आश्वासन नहीं था बल्कि इसका ठोस परिणाम हुआ। उसी रात, लगभग 9 बजे, पटवारी श्रीमती ज्योति नेताम ग्राम जूनापारा निवासी श्री रामचरण के घर पहुंचकर उन्हें राजस्व दस्तावेज बी वन पत्र सौंपा। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि 'यह हम सबकी जिम्मेदारी है हर नागरिकों की बातों को सुने, उनके आवेदनों को गम्भीरता से समझें और यथा समय उनका निराकरण करें। यह केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं थी यह विश्वास, संवेदना और सेवा भावना का सजीव प्रमाण था। यह घटना इस बात की मिसाल है कि सच्चा सुशासन केवल अभियानों से नहीं, बल्कि अधिकारियों की व्यक्तिगत संवेदनशीलता से भी आता है। कलेक्टर त्रिपाठी ने यह साबित कर दिखाया कि यदि नीयत हो, तो नियमों के साथ मानवीयता को जोड़ा जा सकता है और प्रशासन को जनसेवा का वास्तविक माध्यम बनाया जा सकता है। इस पहल से नई पीढ़ी के अफसरों को भी यह संदेश जाता है कि संवेदनशीलता ही किसी कुशल अधिकारी की असली पहचान होती है।

## जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा मलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज कलेक्ट्रेट परिसर से मलेरिया उन्मूलन रथ को जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला अस्पताल अधीक्षक-सह-सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले में मलेरिया उन्मूलन के सम्बंध में व्यापक जन-जागरूकता फैलाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह ने कहा कि %कुशल प्रबंधन और स्वच्छता से मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। बचाव उपचार से बेहतर है। मच्छरदानी का उपयोग, शरीर को ढंकने वाले वस्त्र पहनना और पानी जमा न होने देना जैसी आदतों से मलेरिया रोका जा सकता है।

# 11 हजार हैंडपंपों से मिल रहा लोगों को पानी गड़बड़ी की शिकायत पर सुधार करेंगी 5 टीमें

**कोरबा।** कोरबा जिले की 14 लाख से अधिक आबादी की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं लागू हैं—जैसे नलजल योजनाएं, बोरवेल, हैंडपंप, कुएं, तालाब और डबरी। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिले में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत हेतु पांच विशेष मोबाइल टीमों का गठन किया है। सूचना मिलते ही ये टीमें त्वरित मरम्मत कार्य में लग जाती हैं।



पीएचईडी का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति न बनने देना है। इसके लिए विभाग ने जल आपूर्ति तंत्र को और अधिक दुरुस्त किया है। विभाग के अधीन संचालित जल योजनाओं की नियमित निगरानी की जा रही है। बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के कई क्षेत्रों को लाभ मिला है, और शेष क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है।

पीएचई के कार्यपालन अभियंता रमन उरांव ने बताया कि जिले के पांच विकासखंडों में कुल 11,000 हैंडपंप लगे हुए हैं, जिनके माध्यम से लोगों को पानी मिल रहा है। वर्तमान में 96 हैंडपंपों में तकनीकी समस्याएं दर्ज की गई हैं। इनकी मरम्मत के लिए गठित पांच मोबाइल यूनिट में तकनीकी कर्मचारी शामिल हैं, जो सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचकर सुधार कार्य करते हैं।

### शहरी क्षेत्रों में निकायों और उपक्रमों की जिम्मेदारी

जिले के शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति की जिम्मेदारी विभिन्न नगरीय निकायों और औद्योगिक उपक्रमों को सौंपी गई है। नगर पालिक निगम कोरबा शहर में जल आपूर्ति कर रहा है, जबकि एनटीपीसी, एसईसीएल, इंडियन ऑयल और छत्तीसगढ़ पावर जनरेशन कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए अलग जल आपूर्ति व्यवस्था बनाई है। नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा, नगर पंचायत छुरीकला और पाली भी अपने क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकरों से जल आपूर्ति की जा रही है।

### जन सहयोग से मिली राहत

गर्मी के मौसम में जनसामान्य को राहत देने के लिए सामाजिक संगठनों ने भी पहल की है। शहर के सैकड़ों स्थानों पर प्याऊ स्थापित किए गए हैं, जहां सुबह से शाम तक शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 'शीतल शरबत मंदिर' बना लोगों के आकर्षण का केंद्र



पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल द्वारा 14 वर्षों से गर्मी में लोगों को राहत देने हेतु %शीतल शरबत मंदिर% की स्थापना की गई है। ट्रांसपोर्ट नगर मार्ग स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने यह केंद्र प्रतिदिन अलग-अलग फ्लेवर में शरबत वितरित करता है, जो लोगों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय है। श्री अग्रवाल के प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल ने बताया कि यह सुविधा तब तक जारी रहेगी जब तक गर्मी का प्रभाव बना रहेगा।

कार्यपालन अभियंता ने यह भी बताया कि विभाग की प्राथमिकता जिले के हर व्यक्ति तक शुद्ध और पर्याप्त जल पहुँचाना है। इसके लिए लगातार प्रयास जारी हैं।

पिछले वर्षों में कुछ गांवों को ग्रुप जल योजना से जोड़ने के प्रस्ताव बनाए गए थे, जिन पर जल्द ही कार्य शुरू होने की संभावना है।

## निमंत्रण देने भाजपाई कर रहे भेंट

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा कल गीताजंलि भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया । जिसके लिए निमंत्रण देने का काम अलग अलग मंडलो में दिया गया है। बरपाली मंडल में राजेन्द्र पाण्डेय व ओमप्रकाश साहू के द्वारा वरिष्ठ जनों के घरों में जाकर निमंत्रण दिया गया। भिलाई बाजार मंडल में जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, दिनेश राठौरने निमंत्रण दिया । कोरब मंडल में पूर्व महापौर जोगेश लांबा परविन्द्र सिंह व योगेश मिश्रा वरिष्ठ जनों के घर जा रही है। कोसाबड़ी नगर मंडल में दिनेश वैष्णव व राजेश राठौर कई लोगों के घरों में गए। यह कार्य सभी मंडलो में किया जा रहा है।

## छुरी में कलश यात्रा

**कोरबा।** छुरी में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कल यहां पर कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा ने नगर में भ्रमण किया।कार्यक्रम में रधुन्न यादव जानकी यादव कांती श्रीवास टिकैत डोंगरे एमएस श्रीवास शामिल हुए भागवत कथा को सनुने के लिए आज दूसरे दिन लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीण जन उत्साह के साथ कथा सुनने के लिए कथा सुनने आ रहे है।

## पिता लापता, चार जिलों की तलाश के बाद अब कोरबा पहुंचे परिजन

### बेटे ने रखा 10 हजार का इनाम

**कोरबा।** घर के मुखिया की खोज को लेकर परिजन परेशान है। 65 साल के मंगल सिंह कोरबा जाने की बात कह कर 20 अप्रैल को कोरबा निकले थे लेकिन बाद में उनका पता नहीं चला। रिश्तेदारों से कोई जानकारी नहीं मिली तो चार जिलों में मंगल सिंह की तलाश की और अब कोरबा में खोजबीन का काम शुरू किया है।



अकलतरा निवासी मंगल सिंह के बारे में कोरबा में रहने वाले स्पष्ट किया कि उनके यहां पहुंच नहीं हुई है। पहले तो परिजनों को लगा कि वे किसी अन्य रिश्तेदार के यहां गए होंगे, लेकिन जब वहां भी कोई सुराग नहीं मिला, तो परिवार की चिंता और बढ़ गई।

अब तक परिजन कोरबा के अलावा रायगढ़, सक्ती, जांजगीर-चांपा सहित कुल चार जिलों में मंगल सिंह की तलाश कर चुके हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रैन बसेरा और सार्वजनिक स्थलों पर भी लगातार खोजबीन की जा रही है। पिछले तीन दिनों से परिजन कोरबा में ही रुके हुए हैं और हर संभावित जगह पर तलाश कर रहे हैं।

मंगल सिंह की बेटी ने बताया कि उनके लापता होने की जानकारी सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर भी साझा की जा रही है, ताकि किसी को भी कोई जानकारी मिले तो वे तुरंत संपर्क कर सकें। साथ ही, पोस्टर और बैनर भी जगह-जगह लगाए जा रहे हैं।

मंगल सिंह के बेटे ने बताया कि जो भी उनके पिताजी के बारे में कोई पुख्ता जानकारी देगा, उसे वह अपनी ओर से 10,000 का इनाम और तहे दिल से धन्यवाद देगा।

परिजनों ने लापता होने की सूचना संबंधित थानों में भी दर्ज करवा दी है और जहां-जहां वे जा रहे हैं, वहां की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है। अब उनकी योजना रायपुर और बिलासपुर जाकर खोजबीन करने की है।

परिवार बेसब्री से मंगल सिंह की सलामती की दुआ कर रहा है और हर संभव प्रयास में जुटा हुआ है।

## बिजली कर्मचारी महासंघ ने समस्याओं को रखा

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ की त्रिपक्षी वार्ता आयोजित की गई। जिसमें बिजली कर्मचारियों के समस्याओं को रखा गया और कहा गया कि उनकी मांगे अभी तक लंबित पड़ी हुई है। रायपुर में जाकर ज्ञाप सौंपा गया हुआ था। और आंदोलन भी हुए थे संविदा के आधार पर नौकरी कर रहे लोगो को नियमित करने सहित अनेको समस्याए थी। प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ सुनीता जयसवाल यशवंत राठौर संजय तिवारी के द्वारा रखे गए मांगो पर गंभीरता के साथ विचारर किया गया। और समस्याओं को दूर करने के लिए आश्वासन दिया गया।

## लोक परंपराओं को भी मिलना चाहिए स्थान शिक्षा में: शिवराज

### नवाचार को बताया आज की जरूरत

**कोरबा।** संस्कृति कर्मी और राज्यपाल शिक्षक अलंकरण से सम्मानित पंडित शिवराज शर्मा ने कहा कि संस्कृति जीवन का एक ऐसा आयाम है जो व्यक्ति की सोच, व्यवहार और व्यक्तित्व को आकार देता है।



विशेष चर्चा में उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति संस्कृति की गहराई में उतरता है, तो उसके व्यक्तित्व में उसी अनुपात में परिपक्वता और सौंदर्य झलकता है। जैसे रंगों की परतें गहराई में जाकर और अधिक चमकती हैं, वैसे ही संस्कृति का प्रभाव भी जीवन में अधिक रंग भरता है। शिवराज शर्मा वर्तमान में एक शासकीय विद्यालय में प्रधान पाठक के रूप में कार्यरत हैं, मानते हैं कि संस्कृति मानव सभ्यता की छाया बनकर हमेशा उसके साथ चलती रही है। उन्होंने कहा कि हर युग की पहचान उसकी सांस्कृतिक विशेषताओं से होती है—चाहे वह कला हो, संगीत हो, रहन-सहन या सामाजिक व्यवहार। समय के साथ संस्कृति ने नए-नए रूप ग्रहण किए हैं, जिससे यह और अधिक जीवंत व समृद्ध बनी है।

विद्यार्थियों में नवाचार और लोक संगीत-भजन गायन जैसे पारंपरिक विधाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पंडित शर्मा को छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उनका मानना है कि आज के दौर में सकारात्मक विचारों का प्रचार और सद्व्यवहार की संस्कृति को बढ़ावा देना नितांत आवश्यक है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब व्यक्ति सज्जनों के संग जुड़ता है, तो उसके भीतर सद्गुणों का विकास होता है और जीवन में प्रगति के नए मार्ग खुलते हैं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि शिक्षा व्यवस्था में सांस्कृतिक मूल्यों और लोक परंपराओं को उचित स्थान मिलना चाहिए ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे और उनमें सांस्कृतिक चेतना का विकास हो।

## कार्यसमिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन कार्य समिति की बैठक कुसमुंडा में आयोजित की गई। नर्स डे के अवसर पर नर्सो के सम्मान करने के लिए रणनीति बनाई गई।

भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता सभी चिकित्सालय में जाकर नर्सो का सम्मान करते है। कोरबा पूर्व व कुसमुंडा गेवरा व ढेलवाडीह में कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जवाब दारी दी गई है। कोरबा कुसमुंडा क्षेत्र के अध्यक्ष हिरेन्द्र चंद्रा व महामंत्री रंजय सिंह ने ईकाई से आए कार्यकर्ताओं से भी सुझाव मांगे जिसमें कहा गया कि नर्सो के सम्मान के लिए अधिक से अधिक संख्या में कामगारों को पहुंचना है। अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। संगठन के शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह नलीन पवार राजेन्द्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे।

## गर्मी में हादसे का डर, समय पर कराएं गाड़ियों की सर्विसिंग

### पुलिस ने की लोगों से अपील

**कोरबा** । जिले में लगातार बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए कोरबा पुलिस द्वारा आगजनी की घटनाओं को रोकने हेतु सतर्कता बढ़ा दी गई है। गर्मी के इस मौसम में छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी आगजनी का कारण बन सकती है, जिसे देखते हुए शहर में पुलिस पेट्रोलिंग को और सघन किया गया है।

हाल के दिनों में कुछ स्थानों पर वाहनों में शॉर्ट सर्किट या अधिक गर्मी के कारण आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में तेज़ी से आग फैलने का खतरा रहता है, जिसे समय रहते दमकल एवं पुलिस दल द्वारा नियंत्रित किया गया।

वाहन चालकों से कहा गया है कि गाड़ियों की नियमित सर्विसिंग कराएं एवं वायरिंग की जांच करवाएं। पेट्रोल या डीजल वाहनों में टंकी ओवरफिल न करें। वाहन में कोई भी ज्वलनशील पदार्थ (जैसे परफ्यूम स्प्रे, लाइटर आदि) खुले में न छोड़ें।

पुलिस ने यह भी कहा कि एयर कंडीशनर, कूलर, रेफ्रिजरेटर जैसे घरेलू उपकरणों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतें। ओवरलोडिंग से बचें और समय-समय पर सर्विसिंग कराएं। खुले तार और जर्जर उपकरणों का प्रयोग न करें और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को लगातार लंबे समय तक न चलाएं, बीच-बीच में बंद कर दें जिससे ओवरहीटिंग से बचा जा सके। ऐसा करने से आगजनी के मामलों की रोकथाम होगी और बड़े नुकसान से बचा जा सकेगा।

## बचरा पीडीएस में उपस्थिति में दर्ज हो रही पर राशन नहीं, लोग नाराज

**कोरबा।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत पचरा ग्राम पंचायत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाले राशन में भारी अनियमितता पाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें नियमित रूप से चावल नहीं दिया जा रहा, जबकि उनसे अंगूठा लगवाकर उनकी उपस्थिति और राशन प्राप्ति दर्ज की जा रही है।





ग्रामीणों के अनुसार, जब से राशन वितरण का कार्य महिला स्व-सहायता समूह को सौंपा गया है, तब से स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ग्रामीण बताते हैं कि बीते एक वर्ष से उन्हें सही मात्रा में चावल नहीं दिया जा रहा। स्थिति यह है कि अंगूठा लगवाने के बाद चावल की जगह कभी शक्कर, कभी चना थमा दिया जाता है और चावल के लिए उन्हें हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों का यह भी कहना है कि दुकान संचालक शक्कर के दाम तय कीमत से अधिक वसूल रहा है। जब ग्रामीण इस पर आपत्ति जताते हैं और पूछताछ करते हैं तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि चावल बाद में मिलेगा।

दुकान संचालक ने बताया कि पूर्व में राशन में कुछ कटौती की गई थी और सोसाइटी द्वारा वसूली दिखाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी वसूली की भरपाई लाभार्थियों से की जा रही है।

खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि यदि किसी प्रकार की वसूली दर्शाई गई है, तो उसकी भरपाई हितग्राहियों से नहीं, बल्कि संबंधित दुकान संचालक से की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की शिकायतें गंभीर हैं और यदि ऐसा हो रहा है, तो यह नियमों के विरुद्ध है तथा इसकी जांच कराई जाएगी।

ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जो भी लोग इसमें दोषी पाए जाएँ, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही ग्रामीण यह भी चाहते हैं कि राशन वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए, ताकि भविष्य में कोई हितग्राही अपने हक से वंचित न हो। यह मामला ना सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में किस तरह लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है।

## शतरंज स्पर्धा के लिए जिले में चयन 01 मई को



**कोरबा।** जिला शतरंज संघ और आर्जवम फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता बेमेतरा में आयोजित है के लिए जिला स्तरीय सिलेक्शन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 01 मई को होटल साईं मंगलम बालको में प्रायोजित है।

प्रतियोगिता 5 कैटेगरी अंडर -7,9,11,13,15 में होगा जिसमें 7 वर्ष,9 वर्ष,11 वर्ष,13 वर्ष और 15 वर्ष के कोई भी लड़का लड़की जो कोरबा जिला का निवासी है भाग ले सकते है,प्रत्येक कैटेगरी से 2- 2 बालक बालिका प्रतिभागी का सिलेक्शन किया जाएगा जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोरबा जिला का प्रतिनिधत्व करेंगे।

पंजीयन की आखिरी तारीख दिनांक 29/04/2025 है,पंजीयन के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों से संपर्क करके पंजीयन राशि देकर बच्चों का पंजीयन करा सकते है। प्रतियोगिता में पंजीयन कराने के लिए इन नंबरों जितेंद्र साहू 9754808023, राकेश सोनी 9630032282, एल एन श्रीवास 7869456345 में संपर्क कर सकते हैं। उपर्युक्त जानकारी आर्जवम फाउंडेशन बालको के संस्थापक जितेंद्र साहू द्वारा दिया गया है।

## राठौर समाज का सम्मेलन 27 को

**कोरबा।** कनौजिया राठौर समाज कोरबा परिक्षेत्र का स्नेह मिलन सम्मेलन मैगजीन भाटा दादर रोड आरएसएस नगर के सामुदायिक भवन में 27 अप्रैल को रखा गया है । इस अवसर पर भवन का लोकार्पण भी संपन्न होगा। अध्यक्ष नंदकिशोर साव ने बताया कि उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि होंगे एवं सांसद ज्योत्सना महंत अध्यक्षता करेंगे। मेयर संजू देवी राजपूत और सभापति नूतन ठाकुर विशिष्ट अतिथि होंगे। समाज के सभी लोगों से इस कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com